# दहकती खबरें

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

E-Mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com

अन्याय के विरुद्ध आम आदमी की आवाज

DAVP CODE: 132457 RNI. NO. UPHIN/2011/39283 (लखनऊ से प्रकाशित एंव सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रसारित)

वर्ष–13 अंक–220 लखनऊ,शनिवार 20 अप्रैल, 2024 पृष्ठ–8 मूल्य–01 रूपए




आजाद बिजनेस सेंटर

हमारे यहाँ सभी प्रकार के समाचार पत्र एवं पत्रिका की कम्पोजिंग का कार्य उचित दर पर किया जाता है।



अच्छी छपाई एवं आकर्षक कम्पोजिंग के लिए संपर्क करें।




इम्तियाज अहमद सम्पर्कः 9044777902

E-Mail: azadbusiness0786@gmail.com

नोटः छपाई एवं बण्डल लगाने की सुविधा उपलब्ध है।


# अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है : पीएम मोदी




अमरोहा। देश में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विरोधियों पर निशाना साधा और क्रिकेटर मोहम्मद शमी की तारीफ की। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। और विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है– कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है– फिर एक बार मोदी सरकार। अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड दिया है और सीएम योगी की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन इंडी गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वो तो अभी केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमे उत्तर प्रदेश और देश को बहुत आगे लेकर जाना है। हमारे देश में पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी/एसटी और ओबीसी को सिर्फ धोखा ही देती रही। जो सपना ज्योतिबा फुले जी का था। जो सपना बाबा साहेब अंबेडकर का था३ जो सपना चौधरी चरण सिंह जी का था३ सामाजिक न्याय का वो सपना अब मोदी पूरा कर रहा है। अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ये क्षेत्र अपने मेहनती किसानों के लिए भी जाना जाता है। कांग्रेस, सपा, बसपा सरकारों में यहां किसानों की समस्याओं को न सुना जाता था, न देखा जाता था और न ही उनकी परवाह की जाती थी। लेकिन भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए दिन रात काम कर रही है। सीएम योगी ने गन्ना किसानों की चिंता की बात की। अमरोहा के गन्ना किसान कभी नहीं भूल सकते कि पहले उन्हें भुगतान के लिए कितना परेशान किया जाता था। लेकिन आज प्रदेश में गन्ने की रिकॉर्ड खरीद के साथ ही रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है। जब सपा की सरकार थी, तो अमरोहा के गन्ना किसानों को साल में औसतन सिर्फ 500 करोड़ रुपये का भुगतान होता था। जबकि योगी जी की सरकार में यहां हर साल करीब 1.5 हजार करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को हुआ है। यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है जिसको पहले ही लोग अस्वीकार कर चुके हैं। हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा–कांग्रेस दोनों पार्टियों में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये लोग आए दिन राम मंदिर और सनातन आस्था को गालियां दे रहे हैं। अभी रामनवमी पर प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ। आज जब पूरा देश राममय है, तब समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं। इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में नीचे जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोटबैंक के लिए खारिज कर रहे हैं।

# पहले चरण का मतदान खत्म, जानें 21 राज्यों की 102 सीटों पर कहां हुई कितनी वोटिंग



2024 लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान आज 19 अप्रैल को समाप्त हो गया। पहले चरण के मतदान में, देश भर के 21 राज्य और 102 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। 2024 के आम चुनाव देश भर में सात चरणों में होंगे, जो 1 जून को समाप्त होंगे। लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा 4 जून को होगी। शाम 6 बजे तक 59.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद त्रिपुरा में 76.10: और पुडुचेरी में 72.84: मतदान हुआ। बिहार में सबसे कम 46.32: मतदान हुआ।कुछ अन्य राज्यों की बात करें तो इसमें अरुणाचल प्रदेश में 64.7:, जम्मू कश्मीर में 65.28:, छत्तीसगढ़ में 63.41:, महाराष्ट्र में 54.85 प्रतिशत, मणिपुर में 68.62:, राजस्थान में 50.27: जबकि तमिलनाडु में 63.20: मतदान हुआ है। त्रिपुरा में 76.10:, उत्तर प्रदेश में 57.54 प्रतिशत उत्तराखंड में 53.56: प्रतिशत वोट डाले गए। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में 54.68:, कैराना में 58.68:, मुरादाबाद में 57.65:, मुजफ्फरनगर में 54.91:, नगीना में 58.05:, पीलीभीत में 60.23:, रामपुर में 52.42: और सहारनपुर में 63.29: का मतदान हुआ है। कई प्रमुख नेताओं और हस्तियों ने अपना वोट डाला है, जिनमें कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम, उनके बेटे और शिवगंगा उम्मीदवार कार्ति चिदंबरम, प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके सुप्रीमो एमके स्टालिन शामिल हैं। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नागालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) की सभी सीटों पर मतदान हुआ। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में आठ, मध्य प्रदेश में छह, असम और महाराष्ट्र में पांच–पांच, बिहार में चार, पश्चिम बंगाल में तीन, मणिपुर में दो और त्रिपुरा, जम्मू–कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक–एक सीट पर मतदान हुआ।

# मंडला में विदाई से पहले वधू ने किया मतदान



मंडला ।

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं में गजब का उत्साह है। मंडला संसदीय क्षेत्र में तो एक वधू ने विदाई से पहले अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाई। मध्य प्रदेश के मंडला संसदीय क्षेत्र के मेली गांव के नारायणगंज के मतदान केंद्र 112 पर हर किसी को खुश कर देने वाला नजारा देखने को मिला। यहां की आशा रानी सिंगरोरे अपनी विदाई से पहले मतदान करने पहुंची। राज्य के छह संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है और मतदान को लेकर हर वर्ग में उत्साह है। युवा हों या बुजुर्ग या फिर महिलाएं, सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### BJP नेता आनंद स्वरूप शुक्ला का ऐलान, भविष्य में नहीं लड़ेंगे चुनाव



बलिया । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया है। खबर है कि पूर्व मंत्री एवं बीजेपी के कद्दावर नेता आनन्द स्वरूप शुक्ला ने बलिया के बैरिया सीट पर अब भविष्य में कभी चुनाव ना लड़ने का ऐलान किया है। रामनवमी के उल्लास के बीच उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर अपने इस फैसले का ऐलान किया, लेकिन खास बात यह है कि उन्होंने अपने इस ऐलान के पीछे की वजह अभी तक नहीं बताई है। बता दें, वह 2017 में बीजेपी के टिकट पर बलिया सदर से विधायक रहे। बीजेपी ने उनका स्थानांतरण करते हुए उन्हें 2022 में बैरिया से बीजेपी के तत्कालीन विधायक रहे सुरेन्द्र सिंह का टिकट काटकर उन्हें चुनाव लड़ाया। नतीजा यह रहा कि बीजेपी से टिकट कटने के बाद सुरेन्द्र सिंह ने भी बागी बनकर चुनाव लड़ा। बीजेपी के दो नेताओं के चुनाव लड़ने से परिणाम यह हुआ की बैरिया विधानसभा की सीट समाजवादी पार्टी के खाते में चला गया। अब आनन्द स्वरूप शुक्ल बलिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद की बीजेपी से टिकट मांग रहे थे। लेकिन, बीजेपी उन्हें टिकट नहीं देकर समाजवादी पार्टी से आए पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र नीरज शेखर को टिकट दे दिया, जिसके बाद पूर्व मंत्री ने फेसबुक पर पोस्ट कर चुनाव नहीं लड़ने की जानकारी दी। अब इस पोस्ट के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

### आपका वोट आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा रू राहुल गांधी



नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव के लिए आज शुक्रवार को 102 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। राहुल गांधी ने मतदाताओं से अपील में कहा, "याद रहे, आपका एक–एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है।" पहले चरण के मतदान पर की गई अपील में राहुल गांधी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान है। इसलिए बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए ज़ख्मों पर अपने 'वोट का मरहम' लगाकर लोकतंत्र को मजबूत कीजिए।नफ़रत को हरा कर खोल दीजिए हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान'। इससे पहले राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश भी जारी किया था। अपने संदेश में राहुल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। राहुल ने अपने संदेश में कहा था कि ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसमें आप जैसे 'बब्बर शेर' कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में है। 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इनमें सबसे अधिक सीटें तमिलनाडु से हैं। यहां आज सभी 39 सीटों पर पहले चरण में ही वोटिंग की जा रही है।

# अभिनेता कमल हासन और बाबा रामदेव ने किया मतदान, बंगाल में भड़की हिंसा– छत्तीसगढ़ में भी ब्लास्ट



नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शुरू हो गया है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। इसमें राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, असम और महाराष्ट्र में 5, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक–एक सीट पर मतदान हो रहा है। इसके अलावा तमिलनाडु (39), मेघालय की (2), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), अंडमान निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) की सभी लोकसभा सीट पर भी मतदान हो रहा है। अभिनेता और एमएनएम प्रमुख कमल हासन ने चेन्नई के कोयम्बेडु में एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। योगगुरु बाबा रामदेव ने उत्तराखंड के हरिद्वार में मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। उनके साथ पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण भी थे। वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, सुबह 9 बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग बंगाल में हुई। यहां 15.09: वोट पड़े। सबसे कम वोटिंग अरुणाचल में हुई, यहां 4.95: मतदान हुआ। बंगाल के कूचबिहार में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच पथराव की खबर है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि चंदामारी में वोटरों को रोकने के लिए टीएमसी कार्यकर्ताओं ने पथराव किया है। इशमें बीजेपी का पोलिंग एजेंट घायल हो गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक के घर के पास बम मिला है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ब्लास्ट हुआ है।

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी होंगे अगले नौसेना प्रमुख, इस दिन संभालेंगे पदभार



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह 30 अप्रैल को अपना नया पदभार संभालेंगे। वर्तमान में वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उपप्रमुख हैं। इससे पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे। करीब 40 वर्ष के अपने लंबे करियर में वह कई महत्वपूर्ण अभियानों से जुड़े रहे हैं। सैनिक स्कूल, रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड्गवासला के पूर्व छात्र दिनेश त्रिपाठी एक जुलाई, 1985 को नौसेना में शामिल हुए थे। संचार एवं इलेक्ट्रानिक युद्ध विशेषज्ञ त्रिपाठी ने सिग्नल कम्युनिकेशन ऑफिसर एंड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर आफिसर के रूप में नौसेना के अग्रिम युद्धपोतों पर काम किया है। बाद में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर आइएनएस मुंबई के कार्यकारी अधिकारी एवं प्रधान युद्ध अधिकारी के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने आइएनएस विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान भी संभाली है। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी एक कलाकार और होम मेकर हैं। उनका पुत्र वकील है।

# हरिद्वार: मतदान केंद्र पर वोटर ने EVM तोड़ी, पुलिस ने हिरासत में लिया

हरिद्वार। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। लोग अपने मतों का प्रोयग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इस बीच हिंसा और तोड़फोड़ की खबरें सामने आई हैं। हरिद्वार लोकसभा सीट पर मतदाता द्वारा ईवीएम मशीन तोड़ने की घटना सामने आई है। हरिद्वार विधानसभा के मतदान केंद्र 126 ज्वालापुर इंटर कॉलेज में एक मतदाता ने ईवीएम तोड़ दिया। मतदाता ने ईवीएम मशीन का विरोध करते हुए पोलिंग बूथ पर रखी मशीन को नीचे पटक दिया। उसने चिल्लाते हुए कहा कि हम ईवीएम मशीन का विरोध करते हैं। उसने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ। फिलहाल पुलिस ने मतदाता को हिरासत में ले लिया है। ईवीएम मशीन टूट गई, लेकिन बाद में उसे चालू किया गया। मतदाता की इस हरकत से मतदान केंद्र पर अफरा–तरफी का माहौल बन गया। बाहर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मतदाता को पकड़कर रेल चौकी ले गए, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

# झारखंड में 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी पास, लड़कियां रहीं आगे




रांची 19 । झारखंड में 10वीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों का दबदबा रहा है। ज्योत्स्ना ज्योति 99.2 फीसदी अंकों के साथ स्टेट टॉपर रही। वह हजारीबाग स्थित इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा हैं। टॉप थ्री में चार लड़कियों ने जगह बनाई है और ये सभी इसी विद्यालय की छात्रा हैं। सेकेंड टॉपर सना मंजरी को 98.6 फीसदी और थर्ड टॉपर करिश्मा एवं श्रृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। टॉप टेन की लिस्ट में कुल 44 छात्र–छात्राओं ने जगह बनाई है। ओवरऑल रिजल्ट में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। उत्तीर्ण करने वाली लड़कियों का प्रतिशत 91 है, जबकि उनके मुकाबले 89.70 प्रतिशत लड़कों को सफलता मिली है।

परीक्षा में कुल 90.39 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 54.20 फीसदी परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी, 40.63 फीसदी को द्वितीय और 5.17 फीसदी को तृतीय श्रेणी में सफलता मिली है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के ऑफिस में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में चेयरमैन अनिल महतो ने 11 बजकर 30 मिनट पर रिजल्ट जारी किया। इस वर्ष राज्य में कुल 4 लाख 21 हजार 678 छात्र–छात्राएं एकेडमिक काउंसिल की इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 2 लाख 5 हजार 110 छात्र–छात्राओं को प्रथम श्रेणी, एक लाख 53 हजार 733 को द्वितीय श्रेणी और 19555 को तृतीय श्रेणी में सफलता मिली है। परीक्षा के परिणाम झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट जेएसी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन और जेएसीरिजल्ट्स डॉट कॉम पर जारी किए गए हैं, लेकिन इसके पहले हेवी ट्रैफिक के कारण वेबसाइट क्रैश कर गई। इस लिंक पर जाकर रोल कोड एवं रोल नंबर डालकर रिजल्ट चेक किया जा सकता है। परीक्षार्थी अपनी मार्कशीट भी डाउनलोड कर सकते हैं। काउंसिल ने कहा है कि जब तक उन्हें स्कूल से मार्कशीट नहीं मिलती, तब तक जैक वेबसाइट से डाउनलोड की गई मार्कशीट ही मान्य होगी। परीक्षार्थी 10वीं का रिजल्ट एसएमएस सेवा का उपयोग कर भी अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अंग्रेजी में जेएच10 लिखकर अपना रोल नंबर लिखना होगा। इस मैसेज को 567675 पर भेजने के बाद रिजल्ट मोबाइल पर आ जाएगा।

# ईमानदार पुलिस कप्तान का भी नहीं रहा भ्रस्ट पुलिस कर्मियों को भय

क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर हड़प ली कार।

2 लाख की मांगे फिरौती रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने बरकोनिया थाना परिसर से बरामद की कार

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र सोनभद्र, जनपद में तेज तर्रार आईपीएस यशवीर सिंह की चौकसी के बाद भी कतिपय पुलिसकर्मी गलत काम करने से बाज नहीं आ रहे ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला रामपुर बरकोनिया का सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति की कार हड़प ली गई और उससे ध200000 की मांग की जाती रही। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति छबिन्द्र दुबे निवासी अदलगंज थाना चोपन ने बताया कि बगल के एक मौर्य से उनका किसी बात को लेकर विवाद है कई बार चोपन थाने जाने पर भी सुनवाई नहीं हुई तो हमारे एक रिश्तेदार जो पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रैया गांव के निवासी हैं उन्होंने क्राइम ब्रांच पुलिस से उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कराने की बात कही छबिद्र के मुताबिक छोटू ने कहा कि नई बाजार में अशोक नाम के क्राइम ब्रांच के एक साहब हैं जो उसे फंसा सकते हैं और छोटू ने मोबाइल के जरिए अशोक से बात भी कराई अशोक ने किसी मनोज को काम करने के लिए बताया और कहां की ईसके लिए कुछ पैसा लगेगा जब छबिन्द्र को आभास हो गया कि हमारा काम हो जाएगा तो उन्होंने मनोज को चेक के जरिए ध30000 का भुगतान कर दिया ध30000 का चेक लेने के कई दिन बीत जाने के बाद भी



जब मौर्य के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने छोटू से बात की और छोटू ने अशोक और मनोज से बात की मनोज ने छबिन्द्र को नई बाजार बुलाया नई बाजार पहुंचने पर मनोज और विपिन नाम का उसका एक साथी दछबिन्द्र की कार में बैठ गए और पीछे की डिग्गी में चार बंडल में कुछ रखें और कहे की इसी सामान से मौर्य को फसाया जाएगा मनोज ने कार को रामगढ़ की तरफ ले चलने को कहा और कहां की क्राइम ब्रांच के लोग रामगढ़ में हैं ध40000 बड़े साहब और मांग रहे हैं जैसे ही कार पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बरइल गांव के पास पहुंची कार के सामने एक सफेद रंग की बुलेट मोटरसाइकिल आकर खड़ी हो गई मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कहा कि इस कार में गांजा है तुम लोग कार लेकर बरकोनिया थाने चलो छविंद्र ने बताया कि शाम 7रू30 के करीब सिल्थम स्कूल के प्रांगण में ले जाकर हमें उतार दिया गया और उसमें रखे बंडल को पकड़ कर हमारी फोटो वीडियो बुलेट सवार लोगों ने बनानी शुरू कर दी इसके बाद धमकी देते हुए कहा कि तत्काल ध200000 लेकर आओ नहीं बड़े साहब चालान कर देंगे गाड़ी सीज कर देंगे। उनका कहना था कि हम पैसा के जुगाड़ के लिए रात में ही गांव चले आए और सुबह किसी तरह 80000 रुपए का इंतजाम करके रावट्र्सगंज पहुंचे हमारे साथ ग्राम प्रधान समेत तीन लोग और थे मुझे अकेले जंगल में आने को कहा गया मैं जंगल में नहीं गया और रात में रॉबट्र्सगंज लौट आया इसके बाद एक माध्यम से कप्तान साहब को सूचना दी गई कप्तान साहब ने कोतवाली भेजा कोतवाली पुलिस ने बर कोनिया थाना परिसर में से कार बरामद कर ली। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन लोगों ने बुलेट मोटरसाइकिल से आकर कार को पकड़ा वह बुलेट मोटरसाइकिल बरकोनिया थाने में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर की थी और वह स्वयं मोटरसाइकिल पर सवार था दूसरा व्यक्ति बरकोनिया थाने में ही तैनात बताया गया जिस अशोक कुमार को क्राइम ब्रांच का छोटू पांडे द्वारा बताया जा रहा है वह व्यक्ति नई बाजार के पास का है और पूर्व में उसके संबंध कुछ पुलिस के लोगों से बड़े मधुर थे चर्चा है कि वह कई लोगों को गांजे में पुलिस से पकडवा चुका है इसकी क्षेत्र में काफी चर्चा है रावट्र्सगंज कोत वाली प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है वहीं बर कोनिया थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहां की यदि थाने के सिपाहियों की भूमिका संदिग्ध हुई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय पर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा लोग यही कहते सुने गए कि जब बेहद ईमानदार और न्याय प्रिय पुलिस कप्तान के कार्यकाल में पुलिस के लोग इस तरह अपराधी किस्म के लोगों का साथ दे रहे हैं तो पूर्व में क्या करते रहे होंगे भगवान ही मालिक है।

# फसल अवशेष जलाने से फैली आग ने मचाई तबाही

एक दर्जन बकरियां जलकर खाक, खड़ी फसल जलने से लाखों का नुकसान

दहकती खबरें ब्यूरो राम प्रताप पांडेय

रूद्रपुर (देवरिया) ।बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दिन में एक तरफ तेज पछुआ हवा अपना रौद्र रूप धारण किया हुआ था वहीं दूसरी तरफ रूद्रपुर थाना क्षेत्र के जोगिया के सिवान में किसी मनबढ़ ने गेहूं के डंठल को जला दिया था । लोगों का कहना है कि गुरुवार की रात में ही किसी ने डंठल में आग लगा दिया था ।जो धीरे–धीरे आग समूचे सिवान में फैल गया ।और शुक्रवार को दिन में जैसे–जैसे धूप और तेज पछुआ हवा का झोंका बढ़ता गया, वैसे–वैसे आग आस–पास के खेतों में पड़ी खड़ी फसलों को अपने चपेट में ले लिया । जहां तमाम किसानों के लाखों का गेंहू, सरसों, अरहर आदि को जलाकर राख कर दिया ।धीरे धीरे यह आग रूद्रपुर के काशीपुरम मुहल्ले व दुग्धेश्वरनाथ मन्दिर तक पहुंच गया ।जहाँ सहनकोट स्थित सुशील गोंड़ की झोपड़ियों में आग पकड़ लिया ।लोगों ने बताया कि उसमें एक दर्जन बकरियां जलकर राख हो गई ।वहीं आग ने नगर पंचायत के एमआरएफ सेंटर को भी रूप धारण कर ले रहा है ।और खेतों में पड़ी खड़ी फसलों सहित लोगों के आशियाने व मवेशियों को अपने आगोश में लेकर तमाम



अपने चपेट में ले लिया । भभूती यादव के खेत में थ्रेशर से गेंहू की मड़ाई हो रही थी, उसे आग ने जलाकर राख कर दिया ।राजन चौधरी का लगभग ढाई बीघा गेहूं व अरहर की फसल जलकर खाक हो गया । कुछ उपद्रवी अक्सर देर शाम को डण्ठल जलाने जैसी कर रहे हैं हरकत, उन्हें कानून का डर नहीं अक्सर देखने–सुनने में आ रहा है कि कुछ उपद्रवी अनबूझ किस्म के किसान देर शाम को ही धीरे से जाकर डण्ठल में आग लगा दे रहे हैं । वही आग धीरे–धीरे फैलते फैलते विकराल किसानों के बर्बादी का कारण बन जा रहा है । शुक्रवार को सहनकोट, काशीपुरम सहित जोगिया व गोनाहे के सिवान में आग ने जो तबाही मचाई, और तमाम किसानों का लाखों का जो नुकसान हुआ, डण्ठल जलाने से ही हुआ है ।इसी प्रकार गुरुवार की शाम क्षेत्र के कृतपुरा व सरयां गाँव के सिवान में गेहूँ के डंठल में किसी ने आग लगा दिया था, जो देर रात तक पूरे सिवान में फैलता गया ।और लोगों में दहशत व भय का माहौल बना रहा । गनीमत रहा कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई ।

# दरगाह किछौछा में रुहानी इलाज के लिए आई बालिका के अपहरण का प्रयास हुआ विफल बाइक चालक फरार पुलिस तलाश में जुटी

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

अम्बेडकरनगर रू बसखारी थानाक्षेत्र में स्थित रूहानी इलाज के लिए विश्व विख्यात दरगाह किछौछा में इलाज के लिए आई बालिका को अपहरण करने का प्रयास स्थानीय लोगों व इंतेजामिया कमेटी की सतर्कता से हुआ विफल इंतेजामिया कमेटी द्वारा बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है वही अपहरणकर्ता की माता व बाइक को बसखारी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरगाह किछौछा में बिहार से इलाज कराने आई एक बालिका को चुंगी के पास से अपहरणकर्ता बाइक पर बैठा कर ले जा रहा था कि गोलपुर के निकट बालिका बाइक से उतरने लगी। बाइक चालक जबरन उसे बैठना चाहता था लेकिन बालिका बैठना नहीं चाहती थी जिसके कारण स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर अपहरण कर्ता से उसकी आईडी मांग लेकिन वो गोलमोल बोलने लगा और बालिका को अपनी चचेरी बहन बताने लगा जबकि बालिका गुमशुम खड़ी रही। हंगामे के बाद उसे इंतेजामिया कमेटी के हवाले किया गया जहां वो चकमा देकर फरार हो गया लेकिन इस दौरान अपहरण कर्ता की मां इंतेजामिया कमेटी पहुंच इलाज के उद्देश्य से दरगाह किछौछा आई बिहार की बालिका को अपहरण करने का प्रयास किया गया जिसे




गई। आपको बताते चलेंकि दरगाह किछौछा में देश के कोने कोने से आध्यात्मिक इलाज के उद्देश्य से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है और इस दौरान शातिर लोग इलाज के लिए आई बालिकाओं को बहला फुसला कर अपहरण कर लेते हैं जिसे लेकर दरगाह के संभ्रांत लोगों सहित इंतेजामिया कमेटी भी काफी दिनों से चिंतित नज़र आ रही है। बहरहाल रूहानी इंतेजामिया कमेटी की सतर्कता के कारण विफल बना दिया गया। इंतेजामिया कमेटी ने बसखारी पुलिस से मांग किया है कि अरविंद को गिरफ्तार करें जिससे कई बालिकाओं के अपहरण का राज फाश हो सकेगा।

फरार हुए अपहरणकर्ता विनोद को गिरफ्तार किया गया तो खुलेगा कई बालिकाओं के अपहरण का राज फाश।

# भाजपा पार्टी ने रईस अशरफी को दिया बड़ी जिम्मेदारी अल्पसंख्यक मोर्चा सह प्रभारी, के पद पर किया गया नियुक्त

जिला ब्यूरो चीफ

अम्बेडकरनगर रू आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने रईस अशरफी को सौपी बड़ी जिम्मेदारी अल्पसंख्यक मोर्चा का सह प्रभारी, के पद पर किया गया नियुक्त भाजपा पार्टी द्वारा रईस



अशरफी को बड़े पद पर जिम्मेदारी दिये जाने पर उनके समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर रईस अशरफी को पदभार मिलने पर उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से उन्हें सम्मान दिया है उसी तरह वो अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे साथ ही रईस अशरफी ने कहा भाजपा पार्टी ने उन्हें पूरे लोकसभा क्षेत्र का सह प्रभारी बनाकर उनके कद को बढ़ाया है उसी तरह से वे पूरी निष्ठा और इमानदारी से पार्टी के लिए समर्पित रहेंगे ।

# जन्नतुल बकी रौज़े की तामीर के लिए सऊदी अरब हुकूमत के विरोध में किया गया धरना प्रदर्शन

लखनऊ रू सऊदी हुकूमत रौज़े का निर्माण करने की दे इजाजत जिसको लेकर मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर किया धरना प्रदर्शन मौलाना यासूब अब्बास की नेतृत्व में शहीद नस्मारक पर सऊदी हुकूमत के विरोध में किया जा रहा है धरना प्रदर्शन जन्नतुल बकी के कब्रिस्तान मदीना में रसूले इस्लाम




की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा और इमाम के रौजे को ध्वस्त किए जाने के विरोध में शहीद स्मारक पर किया जा रहा है विरोध प्रदर्शन मौलाना यासूब अब्बास ने सऊदी हुकूमत के विरोध में शहीद स्मारक पर विरोध प्रदर्शन मौलाना यासूब अब्बास ने मांग की है जन्नतुल बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी की रौज़े को ध्वस्त कर दिया था उसको बनाया जाए जिसको लेकर भारत के प्रधानमंत्री से अपील की है अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके सऊदी अरब सरकार पर दबाव बनाएं की शिया समुदाय पर होने वाले अत्याचार को बंद कराए मौलाना युसूब अब्बास ने जन्नतुल बकी मदीने रौज़े को पुनः निर्माण की मांग की है और ऐसा न करने पर कहा है कि यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा ।

# संयुक्तप्रेस क्लब टाण्डा का दूसरा चुनाव हुआ सम्पन्न पूर्व में रहे अध्यक्ष, व महामंत्री को एक फिर से दी गई बड़ी जिम्मेदारी

जिला ब्यूरो चीफ

टाण्डा अम्बेडकरनगर रू पत्रकार संगठन का पुनः हुआ विस्तार टाण्डा नगर क्षेत्र के संयुक्त प्रेस क्लब टाण्डा कार्यकरणी बोर्ड बैठक आज बुधवार 17 अप्रैल 2024 को पत्रकार सरफ़राज़ अहमद के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष व महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। संयुक्त प्रेस क्लब टाण्डा का संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश मौर्य व सत्य प्रकाश पांडेय की सहमति से आगामी दो वर्ष के लिए नए बोर्ड का किया गया गठन बोर्ड बैठक से एक दिन पूर्व अध्यक्ष फखर आलम खान द्वारा त्यागपत्र देकर बोर्ड को भंग कर दिया गया था। वही आज बुधवार को पुनः बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से फखरे आलम खान को अध्यक्ष व कृष्ण कुमार कसौधन को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है तथा सुनील कुमार सिंह (सुनील सलूजा) को संगठन का कोषाध्यक्ष नामित किया गया है। संगठन मंत्री की ज़िम्मेदारी उपाध्यक्ष एवं राम कुमार सोनी व आदित्य कुशवाहा को मंत्री पद की ज़िम्मेदारी दी गई है। अब्दुल माबूद एडवोकेट को ऑडिटर नामित किया



पूर्व की तरह पुनः सरफ़राज़ अहमद निभाएंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी नूरआलम व वरिष्ठ मंत्री पद की ज़िम्मेदारी मिन्नतउल्लाह को सौंपी गई है। बोर्ड में संदीप जायसवाल व प्रतीक सोनी को गया है जबकि अनुराग चौधरी, मो. दानिश, काशी मिश्रा, मो. यूसुफ, मोहम्मद राशिद–सैय्यद, अदनान अहमद, मो. सलमान, श्याम शर्मा आदि को कार्यकरणी सदस्य नामित किया गया है।

# अन्य आलापुर के जंगल में लगी आग, जंगल के किनारे स्थित लगभग 10 बीघा गेहूं जलकर हुआ नष्ट

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या। महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा के एमी घाट स्थित जंगल में आग लग गई और तेज हवाओं ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते के जंगल धू धू कर जलने लगा अब जब तक सूचना फायर ब्रिगेड को पहुंचती तब तक लगभग 50 बीघा से अधिक जंगल में आग फैल चुकी थी ग्रामीणों ने आंख पर काबू पाने के लिए मस्क्कत जारी कर दी वही ईएमआई आलापुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रंजीत निषाद ने बताया कि अग्नि हादसे में लगभग 200 बीघा में पहले जंगल में से करीब 50 बीघा जंगल प्रभावित हुआ है आम नीम महुआ बाबुल शीशम सहित तमाम जंगली पेड़ औषधि वनस्पति वाले पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए और जंगल के किनारे स्थित किसने की लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल भी जलकर नष्ट हो गई।

# सड़क पर फैला ऑइल, कई वाहन चालक गिरे

इंदौर,19 अप्रैल(आरएनएस)। अज्ञात वाहन से रिस रहा आइल इंदौर वायर चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहा पर बने पोस्ट ऑफिस तक सड़क पर फैल गया। उक्त आइल से कई दोपहिया वाहन सवार फिसलकर सड़क पर गिरने से घायल हो गए। गत दिवस सुबह आठ बजे से करीब वीआईपी रोड स्थित इंदौर वायर चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहा तक अज्ञात वाहन से रसि रहा खराब आइल सड़क की एक पट्टी में फेल गया। सड़क पर फैले आइल से अनजान दोपहिया वाहन चालकों के वाहन जैसे ही उक्त आइल के संपर्क में आए, वैसे ही उनका अपने वाहन से नियंत्रण हट गया और वे सड़क पर एक के बाद एक गिरते रहे। यह देख अन्य राहगीरां और चौराहे पर मौजूद रिक्शा चालकों, दुकानदारों ने उक्त मार्ग को बेरिकेट्स लगाकर बंद किया और तुरंत ही पास स्थित नगर निगम जोन पर सूचना दी। सड़क पर फैले आइल की चपेट में संभवतरू ऑफिस या पढ़ाई के लिए जा रही युवतियां भी आई, जिसके चलते वह सड़क पर वाहन सहित कई फीट दूर तक घिसटते हुई गई, जिससे एक युवती वहीं अचेत हो गई। मौके पर पहुंचे निगकर्मियों ने आइल पर पानी और धूल डालकर उसकी सफाई की।

# ईको टूरिज्म सेंटर की तर्ज पर इंदोर में बनेगा सिटी फारेस्ट

इंदौर,19 अप्रैल(आरएनएस)। एयरपोर्ट इंदौर के पास सिटी फारेस्ट बनाने की कवायद एक बार फिर से शुरु हो गई है। वन विभाग का कहना है कि हमारा मकसद यहां पर सिर्फ सिटी फॉरेस्ट बनाना भर नहीं है, हम ऐसी प्लानिंग गर रहे हैं कि यह सिटी फारेस्ट ईको टूरिज्म सेंटर की तरह हो, यानी इसका इस्तेमाल सिर्फ टहलने के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के बारे में जानने और सीखने के लिए भी हो। इस मामले में डीएफओ 22 अप्रैल को वरिष्ठ अधिकारियों से बात करेंगे। डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी के अनुसार यह सिटी फारेस्ट एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित है, इसलिए इसे विशेष प्रकार से तैयार करने की प्लानिंग चल रही है। यदि सिर्फ पेड़–पौधे लगाकर सिटी फारेस्ट बनाना होता तो अभी तक कब का बन चुका होता। एयरपोर्ट के पास होने के कारण इसे ऐसा बनाना चाहते हैं कि एयरपोर्ट आने–जाने वाले फ्लाइट के यात्रियों के परिजन यहां वक्त गुजार सकें।

# 1000 मतदान केंद्रों पर अस्थाई बिजली कनेक्शन

इंदौर,19 अप्रैल(आरएनएस)। चुनाव के अलग–अलग पहलुओं की ट्रेनिंग के साथ ही मतदान केंद्रों पर चिन्हांकन और बिजली–पानी जैसी व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है। इंदौर–उज्जैन संभाग में तकरीबन 1000 ऐसे मतदान केंद्र सामने आए हैं, जहां पर बिजली व्यवस्था नहीं है। अब यहां पर बिजली के अस्थायी कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है। इंदौर–उज्जैन संभाग (मालवा–निमाड़) के 15 जिलों में तकरीबन 18 हजार 500 मतदान केंद्र आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बनाए जा रहे हैं। इन मतदान केंद्रों पर मतदाता आसानी से पहुंचे और उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए मतदान केंद्रों पर पुताई एवं संकेतक लगाए के लिए एसडीएम, तहसीलदार और अन्य अधिकारी जुटे हुए हैं। इंदौर बिजली कंपनी के दायरे में मालवा–निमाड़ के सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता बिजली व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। दो सप्ताह पहले एमपी अमित तोमर ने बैठक में निर्देश दिए थे कि मतदान केंद्रों पर बिजली की व्यस्थाओं का भौतिक जायजा लिया जाए, जिसमें मालूम चला कि 15 जिलों में तकरीबन एक हजार मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां पर बिजलीी के कनेकशन नहीं हैं अब दो सप्ताह में यहां अस्थायी बिजली के कनेक्शन देने की समयसीमा तय की गई है, यानी मतदान से एक सप्ताह पहले बिजली की व्यवस्था कर दी जाएगी। दरअसल छह महीने पहले विधानसभा चुनाव में भी बिजली कंपनी ने तकरीबन 1350 मतदान केंद्रों पर अस्थायी बिजली कनेक्शन दिए थे।

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवाओं के बाद अब टीनएजर भी साइबर ठगों के निशाने पर

भोपाल,19 अप्रैल (आरएनएस)। पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम नौकरी की तलाश में सीवी, वेबसाइट या ऐप पर अपलोड करने वाले युवाओं के साथ ठगी के मामले बढ़े हैं। अब टीनएजर भी इसमें शामिल हो गए हैं। साइबर ठगों के लिए टीनएजर सॉफ्ट टारगेट हैं और आसानी से 200 से एक हजार रुपए तक जमा कर ठगी के शिकार हो जाते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, उनके पास हर माह टीएनजर से ठगी के तीन–चार मामले सामने आ रहे हैं। वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा है, क्योंकि डर के मारे बच्चे इसे शेयर नहीं करते। साइबर ठगों के निशाने पर वह स्टूडेंट्स अधिक हैं, जो कोचिंग संस्थानों में प्रवेश ले चुके हैं या विभिन्न एंट्रेंस एग्जाम के फॉर्म भरते हैं। ऐसे लोगों को ऑफर लेटर भेजकर या रजिस्ट्रेशन, ट्रेनिंग और अन्य शुल्क के नाम पर ठगी होती है। भोपला के एक मामले में कोचिंग सेंटर के दोस्तों के एक ग्रुप को टारगेट किया गया। एक दोस्त की कमाई हुई तो बाकी ने भी रजिस्ट्रेशन कराया । इसके बाद कंपनी गायब है।

# पत्नी रुपए नहीं देती तो करने लगा लूट

इंदौर,19 अप्रैल(आरएनएस)। मुझे काम करना पंसद नहीं इसलिए लूट और चौन स्नैचिंग करता हूँ। मुझे सिर्फ खुद पर भरोसा है, इसलिए अकेले ही वारदात करता हूँ। यह कहना है राऊ–भंवरकुआ में एक साल पहले चौन स्नैचिंग करने वलो आरोपी का। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को राऊ पुलिस के सुपुर्द किया है। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी शॉप संचालित करती है, लेकिन उसकी हरकतों के चलते उसे खर्च के लिए रुपए नहीं देती। जब भी खर्च के रुपए खत्म हो जाते तो वह वारदात करने निकल पड़ता। कुछ समय पहले वह चोरी के मामले में तिलक नगर में पकड़ाया था, लेकिन यहां पूछताछ में लूट की वारदात नहीं कबूली थी।

# गोला गोकर्णनाथ खीरी:छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चौती के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर निरंकारी सत्संग का शुभारंभ किया

दिल्ली से पधारे संत निरंकारी मिशन के ब्रह्म ज्ञानी महात्मा राकेश मुट्रेजा ने सत्संग में कहा कि इंसान को क्रोध नहीं करना चाहिए। क्रोध में हार ही हार है। आज सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज हमे प्रेम करना सिखा रही हैं। ईश्वर प्रेम है, प्रेम ही ईश्वर है। क्रोध हर समस्या की जड़ है। महात्मा कहते है कि क्रोध अकेला नहीं आता अपने साथ तमाम विकार लेकर आता है। सद्गुरु माताजी हमें प्रेम का संदेश दे रही हैं। इंसान को इंसान से प्रेम करना चाहिए। इस लिए ब्रम्ह ज्ञान की आवश्यकता है। जो हमे निरंतर प्रेम करना सिखाता है। प्रेम गली अति सांकरी जामे दो न समाय जब मैं था तब हरि नहीं अब हरि है मैं नाहि। परमात्मा जानने योग्य है, इसे सद्गुरु की कृपा से जाना जा सकता है। सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से परमात्मा एक क्षण में दिखाया जा सकता है। परमात्मा को जानकर ही मानव एकता और विश्व में शांति संभव है। ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होइ। इंसान अगर प्रेम करना सीख जाए तो संसार से नफरत खत्म हो जाएगी। पीर पैगम्बर समय समय पर इंसान को प्रेम सिखाने के लिए ही आते हैं। कर्म से इंसान महान होता है। इंसान के जाने के बाद भी उसको कर्मों से ही जाना जाता है। भक्ती निःस्वार्थभाव से करनी चाहिए। लखीमपुर की निशा साहनी, श्वेता साहनी, गीता भारती ने सुनाया– मेरे मिशन का एक है नारा जग में हो भाईचारा, न टकरार करो। हर तन में है भगवान सभी से प्यार करो।। पुवायां की जसविंदर सिंह ने सुनाया– मेरा सद्गुरु यह बताने आया है तू कहां जाएगा तू इंसान कहां से आया है। शाहजहांपुर के विवेक देव ने कहा– मुझमे भी तुझमे भी इसमे भी उसमे भी सबमे राम समाया है। पूरनपुर की काजल ने गीत के माध्यम से संत निरंकारी पर सुनाया– ओ दुनियां बालो सुनो जग वालों बड़े ध्यान से। मेरा सद्गुरु तो मिलाये भगवान से।। निरंकारी सत्संग का संचालन रामकरन राठौर ने किया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह, संयोजक प्रवेश साहनी, क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, गोला मुखी बहन प्रमिला खुराना दिल्ली से आई बहन हेमा, संचालक लालजी प्रसाद, शिक्षक रामनरेश सोनी, मीडिया प्रभारी करन सिंह सहित क्षेत्र से पधारे निरंकारी महात्मा व सेवादल के भाई बहन मुस्तैद रहे। सभासद शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेद्रं कुमार बाल्मीकि, आनन्द सोनी, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्दकिशोर गिरि भोली, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सुषील कुमार कश्यप, नानकचंद्र वर्मा, रज्जन खान, राजेष कुमार वर्मा, राजेश अवस्थी, आशीष अवस्थी, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सुरेश जायसवाल, अल्लू सैनी, कफील अहमद, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। चौती मेला मेंआज– दिनांक 20.04.2024 को मेला चौती के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय संगीत संध्या रात्रि आठ बजे से।

# रूद्रपुर के द्वाबा में आग ने बरपा कहर, अरहर व सरसों के खेत में उठे शोले, देखते ही देखते खाक हो गई किसानों किस्मत

दहकती खबरें ब्यूरो राम प्रताप पांडेय

रूद्रपुर (देवरिया) । रूद्रपुर के द्वाबा में अरहर व सरसों की फसल में आग लगने से किसानों की लाखों की फसल जलकर राख हो गई । ग्रामीणों का कहना है कि तेज पछुआ हवा के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका । वहीं फायर बिग्रेड की गाड़ी के नहीं पहुँचने से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त था । रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के द्वाबा में सरसों व अरहर के खेत में आग लगने से लाखों रुपये की फसल जलकर स्वाहा हो गई । एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा व ईश्वरपुरा के सिवान में शुक्रवार की दोपहरी में सरसों की खड़ी फसल व अरहर के चकवड़ में आग पकड़ लिया । और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया ।



जहां आग से कृषक सलीमुल्लाह अंसारी, कलिमुल्लाह अंसारी, राजेंद्र पासवान, कलीम खान, राजा सिंह, संतोष निषाद व शौकत खान का लाखों का नुकसान हो चुका है । मौके पर आग बुझाने में मदद कर रहे तनवीर, अनिरुद्ध चौधरी, अफजल खान, बेलाल खान, अवधेश पासवान, अदनान, रामनिवास, बब्लू पासवान, शरीफ अंसारी, रामबचन पासवान, चून्न खान, जितेन्द्र पासवान, शैलेश पासवान, राजेंद्र पासवान ने बताया कि आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है । हवा तेज होने से आशंका है कि कोई चिंगारी उड़कर पहुंच गई हो, जिससे फसल में आग लगी ।

# जिला अधिकारी बने पीआरडी जवानों के मसीहा

व्यूरो नीलम सिंह

अयोध्या। पीआरडी जवानों का सबसे पहले खाता पंजाब नेशनल बैंक विकास भवन में था, इसके बाद एचडीएफसी बैंक में खोला गया ,इसके बाद 28 जून 23 को प्रमुख सचिव युवा कल्याण एवं खेलकूद माननीय नवनीत सहगल ने केनरा बैंक से (ओएमयू) समझौता किया कि उत्तर प्रदेश के सारे पीआरडी जवानों का खाता केनरा बैंक में जीरो बैलेंस से खोला जाए, आदेश का पालन होते ही खाता खोलना शुरू हुआ और जिसकी 6 महीने की सैलरी केनरा बैंक गई उसे लोन मिलने का प्रावधान पाया गया, लेकिन केनरा बैंक लोन देने में हिला हवाली करता रहा, बैंक द्वारा टालमटोल करते देखकर कुछ पीआरडी जवानों से देखा नहीं गया और जाकर जिलाधिकारी महोदय से अपनी बात बताई, जिला अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया की पीआरडी जवान अभी तक लोन नहीं ले पाते थे, लेकिन शुरुआत एक पीआरडी जवान से की गई जो अब सारे पीआरडी जवानों को 50हजार रु तक लोन मिल सकता है, यह बात पीआरडी जवानों तक पहुंची तो खुशी से झूम उठे। और अयोध्या जिले के सारे पीआरडी जवान जिला अधिकारी को मसीहा मानकर धन्यवाद दिए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवम् राजनैतिक दलो के हाथ की बैठक

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न प्रक्रियों को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवम् राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम एवम् वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम एवम् वीवी पैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुल्हाड़ी से हमला, हाथ की अंगुलियां कटीं, मुकदमा दर्ज

व्यूरो नीलम सिंह

बीकापुर–अयोध्या। हैदरगंज थाना अंतर्गत रण्डौली पश्चिम पाली गांव में रहने वाले एक नौजवान आनन्द कुमार वर्मा को दबंगों द्वारा मार रहे अपने चाचा को बचाने के चक्कर में कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला प्रकाश में है। इस कारण उसके हाथ की दो उंगलियां कट गईं। घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि आनन्द कुमार वर्मा पुत्र राजेन्द्र 17 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे अपने घर पर खाना खा रहा था तभी घर के वाहर गाली गलौज की आवाज आयी तो घर से वाहर निकला तो देखा कि उसके चाचा सुरेन्द्र वर्मा पुत्र राम मिलन वर्मा निवासी उपरोक्त को जगदम्बा गुता पुत्र मियादीन व अनीता गुप्ता पत्नी जगदम्बा व उसका लडका शिवम पुत्र जगदम्मा व एक अन्य जिसको अधेरा होने के कारण पहचान नही पाया लाठी डन्डा व हाथ में कुल्हाडी लेकर मार रहे थे जैसे मैं अपने चाचा को वचाने के लिये पहुंचा तो मेरे भी उपर सभी लोग हमला कर दिये और कुल्हाडी से वार कर दिये जिससे मेरे हाथ की उगली कट गयी और सभी लोग जबतक गांव के लोग आये जान से मारने की धमकी देते हुये गाली गलौज करते हुये भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने 3 आरोपियों व 1अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आग से भूसा, मंडीला और कंडौरा जल कर राख

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के तेलियाडीह में शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर रखा भूसा, मंडीला और कंडौरा आग से जल कर राख हो गया। जानकारी के अनुसार तेलियाडीह गांव के बाहर रखा भूसा का




मंडीला, कंडौरा और खुले में रखा भूसा आग की चपेट में आ गया। दोपहर बारह बजे के बाद तेज गर्म पछुआ हवाओं ने आग को विकराल रूप में बदल दिया। बताया जाता है कि 06 लोगों का कंडौरा, दो लोगों का खुले में रखा भूसा जल कर राख हो गया। गांव के लोगों ने मिलकर शाम तक आग पर काबू पा लिया। चिलचिलाती धूप, आग की लपट और धुवां में चल कर गांव के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

# एक नासमझ अधेड़ महिला हुई बैंक में ठगी का शिकार

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, रामपुर बरकुनिया थाना अंतर्गत रामपुर निवासी सुषमा देवी पत्नी राजकुमार उस वक्त ठगी का शिकार हुई जब वह, 9 अप्रैल को अपने खाते का पैसा चेक कराने के लिए जन सेवा केंद्र जोस्टेट बैंक का बीसी है,रामगढ़ सिलथम रोड में खुला है, वहां जाकर प्रार्थिनी ने जब अपने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाता संख्या– 060610039813 में कितना रुपया है यह जानने के लिए जन सेवा केंद्र में पासबुक देकर उस केंद्र पर तैनात कर्मचारी से कहां तो, उस कर्मचारि के द्वारा उस नासमझ अधेड़ महिला से उसका पासबुक लेकर अपने मशीन पर उसका अंगूठा लगवाया! एक बार अंगूठा लगवाने के बाद उस महिला के कथनानुसार उस कर्मचारि के द्वारा दोबारा उससे अंगूठा लगवाया गया और यह कहकर उसे जन सेवा केंद्र से बाहर कर दिया गया कि तुम्हारे खाते में अभी तक कोई भी धनराशि नहीं आई है,एक भी रुपया नहीं है! जबकि पीड़िता का कहना है कि उसके खाते में कुछ रुपया मनरेगा का पहले से था, तथा19 मार्च 2023 को ध6000 शौचालय का दूसरी किस्त उसके खाते में रुपया आया था! जब वह पीड़ित महिला अपने पासबुक खाते को लेकर


TERMINAL ID ARU000000062387
UIDAI AUTH CODE 8be48360eb c64dd4a35c 1725849a9cd3
Mini Statement
09/04/2024 01:41 PM
20240409 CST of AE D 0.90
20240409 AEPS Non- D 5.00
20240409 AEPS-RONU D 10000.00
20240406 060610039 C 9.00
20240330 APBCR-APB C 1610.00
20240328 APBCR-APB C 1610.00
20240319 APBCR-APB C 6000.00
20240316 APBCR-APB C 920.00
20240109 SB Accoun D 175.82
20240109 Initial C C 200.00
Available Balance Rs. 167.28
CONTACT US 24X7:
AIRTEL CUSTOMERS DIAL 400
OTHER OPERATORS SUBSCRIBER DIAL 8800688006
NOTE: THIS IS ELECTRONICALLY GENERATED STATEMENT AND DOES NOT REQUIRE ANY SIGNATURE.

कहीं अन्य जगह जांच कराई, तो पता चला कि 9 अप्रैल के ही डेट में उसके खाते से ध10000 निकल गया है! इसकी जानकारी होने पर उस महिला के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ इसकी सूचना साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद सोनभद्र को 12 अप्रैल 2024 को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी गई जहां उसे सांत्वना देते हुए यह कहकर जाने को कहा गया कि, आप अपने बैंक खाता संख्या का स्टेटमेंट उस दिन का एवं आधार कार्ड और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी हमें उपलब्ध कराएं तो इसकी जांच हम लोग अपने स्तर से जरूर करेंगे और आपका पैसा आपको दिलवाया जाएगा, और इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले कर्मी के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी! उस महिला ने साथ गए अपने सहयोगियों के द्वारा घर जाकर साइबर क्राइम थाना सोनभद्र को 9 अप्रैल 2024 का स्टेटमेंट आधार कार्ड और पासबुक की फोटो कॉपी भेज दिया है, और यह उम्मीद किए बैठी है कि पुलिस के द्वारा उसके साथ किए गए ठगी का पर्दाफाश किया जाएगा और साथ ही उसका रुपया दिलवाकर इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी!

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लें संज्ञान आपके मातहत ही लगा रहे गरीब जनता को पलीता

व्यूरो नीलम सिंह

अयोध्या। रूदौली तहसील के बाबा बाजार बिजली फीडर पर तैनात रहे एक अवर अभियंता पर क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने काम के नाम पर हजारों रुपये वसूलने व काम न करवाने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं के मुताबिक बाबा बाजार फीडर पर तैनात रहे जेई रामेश्वर गुप्ता ने अपने एक सहयोगी छोटू के साथ मिलकर क्षेत्र के कई बिजली कनेक्शन धारकों से मीटर बदलने, बिजली का बिल कम करने बीसीडी फीड करने सहित अन्य कामो के लिए पैसे लिए और कई महीनों बीत गए उपभोक्ताओं का कोई काम भी नही हुआ और जेई साहब अपना स्थानान्तरण कराकर फीडर से कहीं अलग चले गये। फीडर अंतर्गत आने वाले गांव भदावल के कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बाबा बाजार फीडर पर पूर्व में तैनात अवर अभियंता (जेई) रामेश्वर गुप्ता ने हम से मीटर बदलने के नाम पर पैसा लिया और आज एक वर्ष बीत रहा है मेरा मीटर नही बदला गया और न ही मेरा पैसा मुझे वापस मिला जब हम लोग शिकायत लेकर फीडर पहुंचे तो पता चला कि जेई साहब का ट्रांसफर कहीं अलग हो गया है। वहीं एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि इन्ही जेई साहब के द्वारा मुझसे भी बीसीडी फीड करने के नाम पर पैसा लिया गया लेकिन अभी तक हमारा काम नही हो पाया। पीड़ित उपभोक्ताओं की माने तो जेई रामेश्वर गुप्ता द्वारा अपने सहयोगी छोटू के साथ मिलकर क्षेत्र के बिजली कनेक्शन धारकों से लाखों रुपए की अवैध वसूली की गई और फिर अपना ट्रांसफर करवा लिया अब उपभोक्ता खून के आंसू रोने को मजबूर हैं।

# शाहगढ़-मैलानी रेल लाइन उच्चीकरण का असल फायदा वर्षो से उपेक्षित पड़े गोरखपुर-कप्तानगंज-पडरौना रूट को मिला

कुशीनगर 19 अप्रैल। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले को शाहगढ़–मैलानी रेल लाइन उच्चीकरण का असल फायदा वर्षों से उपेक्षित पड़े गोरखपुर–कप्तानगंज–पडरौना रूट को मिला है। रेल प्रशासन ने इस गर्मी में पीलीभीत और लालकुआं तक खेती व मजदूरी के अलावा गर्मी की छुट्टियों में घूमने जाने वालों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

पिछले महीने ही मैलानी–शाहगढ़ रूट को मीटर गेज से ब्राड गेज में बदला गया था। इसके बाद से ही इस रूट पर गोरखपुर से ट्रेन चलाने की चर्चा थी। रेल प्रशासन ने इस नए रूट के लिए जो ट्रेन प्रस्तावित की है, वह गोरखपुर–कप्तानगंज–पडरौना रूट के लिए भी फायदेमंद है। इस रूट पर एक ट्रेन छपरा–लालकुआं ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 20 अप्रैल को छपरा से एक फेरा के लिए चलाई जाएगी।इस संबंध में रेलवे प्रशासन के सूत्रों ने बताया है कि यह छपरा से सुबह 10 बजे, तमकुहीरोड से दोपहर 01रू27 बजे, पडरौना से 02. 05 बजे, कप्तानगंज से 03.03 बजे और गोरखपुर से शाम 4.10 बजे छूटेगी। दूसरे दिन सुबह 05.10 बजे लालकुंआ पहुंचेगी। इसके बाद लालकुआं–हावड़ा–लालकुआं ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को और हावड़ा से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी। यह विशेष गाड़ी लालकुआं से दोपहर दो बजे प्रस्थान कर किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। यहां से कप्तानगंज, पडरौना, तमकुहीरोड, थावे से छपरा के रास्ते हावड़ा जाएगी। इस ट्रेन में एलएसएलआरडी का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 एलएचबी कोच लगाये जाएंगे। इससे पश्चिमी यूपी और पंजाब के प्रगतिशील किसान पीलीभीत और उसके आसपास खेती करते हैं। वहां पूर्वांचल और बिहार के बड़ी संख्या में लोग खेतों में काम करने जाते हैं।

इसके अलावा हर साल तमाम प्रगतिशील किसान भी खेती में आ रहे बदलाव को देखने.समझने पीलीभीत जाते हैं। अभी तक गोरखपुर से कोई सीधी ट्रेन नहीं होने के चलते इन लोगों को बरेली से दूसरी ट्रेन या बस का सहारा लेना होता था। इसके चलते लोग पीलीभीत जाने से कतराते थे। लेकिन अब सीधी ट्रेन मिलने से लोगों को राहत मिलेगी।

# हले मतदान उसके बाद होगे विवाह के रीती रिवाज़

बालाघाट 19 अप्रैल (आरएनएस)।लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण दिनांक 19 अप्रेल 2024 को विधानसभा वारासिवनी के विभिन्न मतदान केन्द्रो मे नव विवाहित युवक युवतियों द्वारा अपने विवाह के जोड़े मे मतदान किया गया। जिसमे कायदी के मतदान केंद्र क्रमांक 75 मे दिनेश शेंन्द्रे, नंदगाव के केंद्र क्रमांक 8 मे अनिल ऊके, बोटेझरी के केंद्र क्रमांक 6 मे नेहा कावरे, सिंगोड़ी के केंद्र क्रमांक 99 मे राहुल गोकुलपुरे, डोंगर गांव के केंद्र क्रमांक 132 मे साक्षी मात्रे, सावंगी के केंद्र क्रमांक 38 मे हरिओम मेश्राम द्वारा विवाह उपरांत विदाई, गृह प्रवेश एवं अन्य रीती रिवाज़ के पहले उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

# अपर स्वास्थ्य निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर का किया निरीक्षण

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

बीकापुर –अयोध्या। अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉक्टर सुशील प्रकाश चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई दुरुस्त रखने एवं जहां खामियां मिली वहां सुधार करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी गैर हाजिर मिले। लैब टेक्नीशियन राजेंद्र कुमार और लैब सहायक अमरचंद के बगैर सूचना के गैर हाजिर रहने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा डॉक्टर प्रतीक्षा वर्मा एवं सुरेश चंद्र के अनुपस्थित रहने के संबंध में जानकारी करने पर बताया गया कि दोनों लोग अवकाश पर हैं। अपर स्वास्थ्य निदेशक द्वारा गर्मी और बदलते मौसम लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए हीट वेव चार बेड का सुरक्षित रूम बनाए जाने का निर्देश दिया। जहां पर आपातकाल स्थिति में हीट स्ट्रोक लू और गर्मी से पीड़ित मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और राहत उपलब्ध हो सके। अस्पताल के ओपीडी हाल में कूलर और पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था किए जाने का भी निर्देश दिया। उनके द्वारा अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्य स्टाफ, अस्पताल में ऑपरेशन के स्थित उपलब्ध दवाओ के बारे में भी जानकारी की गई। अस्पताल में हो रही ओपीडी की संख्या से वह संतुष्ट नजर आए। इस मौके पर मौजूद कुछ जागरूक लोगों द्वारा अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। जिस पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के संबंध में भी जानकारी की गई तथा जलालपुर माफी गांव पहुंचकर कार्यक्रम की सच्चाई परखी गई । अपर स्वास्थ्य निदेशक सुशील प्रकाश चौधरी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक–ठाक मिला है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, चिकित्सक संत कुमार मौर्य, धर्मेंद्र रंजन, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजकुमार सिंह, फार्मासिस्ट गिरधारी लाल मौजूद रहे।

# समाजसेवी संस्था द्वारा बीकापुर में स्थापित की जाएगी आरो मशीन और पानी की टंकी

संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी

अयोध्या। समाजसेवी संस्था द्वारा बीकापुर तहसील आने वाले लोगों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं तथा वादकारी जनता को गर्मी में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए श तहसील में आरो मशीन और पानी की टंकी स्थापित की जाएगी। जिसके चलते अगले कुछ दिनों में लोगों को स्वच्छ और निर्मल शीतल जल मुहैया हो सकेगा। तहसील में पेयजल की समस्या का मामला संज्ञान में आने के बाद फलाहुल मुसलमीन सोसाइटी सोंनखरी बीकापुर द्वारा तहसील में स्वच्छ ठंडा पेयजल के लिए आरो मशीन स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। आदर्श प्रेस क्लब की मांग पर समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सिराज द्वारा पेयजल की समस्या से निजात दिलाने एवं सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया है। बृहस्पतिवार को सामाजिक संस्था फलाहुल मुसलमीन सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद सिराज के साथ समाजसेवी मोहम्मद अहमद ओसामा द्वारा बीकापुर तहसील पहुंचकर आरो मशीन स्थापित किए जाने के लिए स्थान का चयन किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा और तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे। सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि शुक्रवार को आरो मशीन और पानी की टंकी उपलब्ध करा दी जाएगी।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री अनीस राजा जी के अनुमोदन व समाजवादी पार्टी उन्नाव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष अंकित यादव जी ने मुझे जिला उपाध्यक्ष मु.सिंह.यूथ ब्रिगेड मनोनीत किया आप सभी का बहुत बहुत शुक्रिया धन्यवाद आभार मैं अपने विनर्म भावों को शब्दो मे तो नहीं लिख सकता लेकिन आपने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं पूरे अंतःकरण प्रयासों से उसका निर्वाहन करने के लिए प्रयासरत रहूँगा



मोहम्मद दानिश
जिला उपाध्यक्ष
मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड उन्नाव

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान

उमरिया 19 अप्रैल। शहडोल संसदीय क्षेत्र 12 अजजा के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उमरिया जिले की दो विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन धरणेन्द्र कुमार जैन ने केंद्रीय विद्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक 139 में मतदान किया। पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू ने मतदान केंद्र क्रमांक 117 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कॉलरी में मतदान किया ।

दैनिक
दहकती खबरें
लखनऊ,शनिवार 20 अप्रैल, 2024
dahaktikhabrain2011@gmail.com

## सम्पादकीय

# उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे श्संकल्प पत्रय कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुप्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर–घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।

गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र–एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।

कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा–नारी–किसान–श्रमिक–आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।

इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े–बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

# नक्सलवाद: आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली



छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों– छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं। माओवादियों के थिंक–टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग ज़िले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को श्नक्सलवादश के नाम से जाना जाता है। ज़मींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडऩ पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मज़दूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ ज़िम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और ज़मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून–व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक–आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे ज़मीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजग़ार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मज़बूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वज़ह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे–धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमज़ोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेज़ी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

– योगेन्द्र योगी

# राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

डॉ. सी.पी. राय

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।

इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचौन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रुझान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों–ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग–अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।

इस बार के चुनाव को अचानक उठ खाड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमडने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।

उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धर्मेद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं, तो भाजपा के नाराज लोग भितरघात करते भी दिखलाई पड़ रहे हैं। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है। राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। आज खुद पर किसी तरह की उलझन को हावी न होने दें साथ ही आपको अपने व्यवहार पर कंट्रोल करना पड़ेगा।
शुभ रंग– बैंगनी
शुभ अंक– 7

वृष राशि : आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट–कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं।
शुभ रंग– हरा
शुभ अंक– 6

मिथुन राशि : आज कोई काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी। आपको धन लाभ के कई मौके मिलेंगे।
शुभ रंग– पिच
शुभ अंक– 8

कर्क राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा–पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आएगी।
शुभ रंग– मैहरुन
शुभ अंक– 1

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।
शुभ रंग– पिच
शुभ अंक– 7

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच–विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा। घर पर बच्चों के लिए पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।
शुभ रंग– लाल
शुभ अंक– 2

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता–पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा। आप समाज सेवा से जुड़कर अच्छे कामों को गति देंगे। आपके सरकारी नौकरी में चयनित होने के योग बन रहे हैं।
शुभ रंग– ॉगोल्डन
शुभ अंक– 4

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।
शुभ रंग– काला
शुभ अंक– 5

धनु राशि : आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, इससे आपको अच्छा समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस अच्छा रहेगा।
शुभ रंग– नारंगी
शुभ अंक– 2

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने का प्लान बनायेंगे।
शुभ रंग– ग्रे
शुभ अंक– 3

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत–सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है आपको नए ऑफर मिल सकते हैं। परिवार में मांगलिक कामों की योजना बन सकती है।
शुभ रंग– गोल्डन
शुभ अंक– 5

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। पैसों की स्थिति में सुधार होने के योग हैं। कोई व्यक्ति कार्यक्षेत्र या बिजनेस में चुनौती दे तो धैर्य पूर्वक काम लें। लवमेट के साथ आपके रिश्ते अच्छे होंगे। आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा।
शुभ रंग– सफेद
शुभ अंक– 1

# मतदान कर्मियो के प्रषिक्षण का डीएम ने किया निरीक्षण

कौषाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एम०वी० कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज में मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को एम०वी० कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे सामान्य प्रशिक्षण तथा ई०वी०एम० प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई०वी०एम० प्रशिक्षण के प्रत्येक कक्षों के निरीक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा—निर्देश देते हुए कहा कि मतदान कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरूण कुमार गोंड तथा उप जिलाधिकारी श्री आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दूसरे दिन दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

केषाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन—२०२४ को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज एम०वी० कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई०वी०एम० का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, श्री नीतीश यादव एवं श्री विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा—वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य दायित्व की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई०वी०एम० का प्रशिक्षण यथा—वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पेन्ट कारोबारी पर जानलेवा हमला, गम्भीर

कौशांबी। मंझनपुर थाना क्षेत्र संमदा स्थित रोड किनारे पेन्ट की दुकान पर ८ मार्च की शाम ७ बजे लड़की के ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा पेन्ट कारोबारी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इससे कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुर सुहेला अल्लीपुर निवासी अमरीश पुत्र रामदेव प्रजापति समदा चौराहा के पास पेन्ट की दुकान खोलकर परिवार का भरण पोषण करता है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पेंन्ट कारोबारी अमरीश ने आरोप लगाया कि कई वर्ष पहले लड़की गीतांजलि की शादी खंनवारी निवासी हेमंत पुत्र बलवीर के साथ किया था। शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वाले लड़की को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे लड़की ससुराल को छोड़कर मां बाप के घर चली आई। पेन्ट कारोबारी ने लड़की के द्वारा सास ससुर और पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और भरण पोषण का न्यायालय में मुकदमा दाखिल कर दिया। कुछ दिन बाद लड़की का पति भी पेन्ट कारोबारी के गांव आकर रहने लगा इधर दामाद के माता—पिता व अन्य लोग नाराज हो गए। ससुराल पक्ष के द्वारा ८ मार्च की शाम ७रू०० बजे दुकान बंद करने के उपरांत कारोबारी को कपड़ा से मुंह ढक्कर दीवाल में लडा लडा कर मारा पीटा गया इसके बाद लाठी डंडा व तमंचा से भी प्रहार किया गया। मारपीट करने वाले भैरवप्रसाद निवासी बाकरगंज थाना पश्चिम शरीरा व जुग्गीलाल निवासी चकथामा थाना मंझनपुर की पहचान किया है। दोनों लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की पेंन्ट कारोबारी ने मांग किया है।

## खेत गई किशोरी के साथ दुष्कर्म

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की तरफ सोच के लिए गई किशोरी के साथ गांव के पड़ोसी युवक ने जबरन दुष्कर्म किया इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है थाना क्षेत्र के एक गांव में १६ मार्च की शाम ७रू०० बजे के बाद खेतों की तरफ शौच क्रिया के लिए गई किशोरी से पड़ोसी युवक ने जबरन दुष्कर्म किया विरोध करने पर

## गैर जनपद ड्यूटी पर जाने वाले मतदाता वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर में करे मतदान,

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंचम चरण में जनपद—कौशाम्बी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन—२०२४ के लिए दिनांक—२० मई, २०२४ मतदान तिथि नियत हैं। ऐसे मतदाता,जो कौशाम्बी के वोटर लिस्ट में सम्मिलित हैं, किन्तु किसी अन्य जनपद में मतदान की तिथि—२० मई २०२४ को निर्वाचन ड्यूटी पर रहेगें भौतिक रूप से मतदान नहीं कर सकते हैं। ऐसे अधिकारी कर्मचारियों के लिए एम० वी० कान्वेन्ट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा मंझनपुर,कौशाम्बी में स्थापित किये गये वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर (सुविधा केन्द्र) में १० मई २०२४ से १३ मई २०२४ तक प्ररूप—१२ के साथ निर्वाचन ड्यूटी की छायाप्रति एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

## बिना गेट पास के धान लदी ट्रक को मंडी सचल दल पकड़ा, जुर्माना

कौषाम्बी। प्रयागराज से धान लादकर कानपुर की ओर ट्रक जा रही गाड़ी को सचल दल प्रभारी दिलीप मोहन वर्मा ने कोखराज बाईपास पर रोक कर जरूरी कागज चेक किया तो मंडी से संबंधित कागजात मांगे तो ड्राइवर मंडी से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखा पाया टैक्स चोरी करके ब्यापारी मालामाल ढो रहे हैं। सरकार को चूना लगा रहे हैं आखिर जिले में कौन गाड़ियों का पासर ट्रकों को पास कराता है सरकार को लाखों रुपए महीने की चूना लगवा रहा है। गाड़ी को सचल दल प्रभारी ने थाना कोखराज को सुपुर्द कर दिया है आखिर कौन है जो सरकार के राजस्व का नुकसान कर रहा है यह जांच का विषय है।

## आग उगल रहा सूरज, दोपहर में सड़कों पर चलना मुश्किल

इंदौर,19 अप्रैल(आरएनएस)। शहर में इन दिनों गर्मी का कब्जा है। सूरज आसपास से आग उगल रहा है। झुलसाने वाली धूप से दिन में सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। तापमान 40 डिग्री के पास चला गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन झुलसाने वाली गर्मी पड़ सकती है। बादल आते—जाते रहेंगे। इंदौर में पिछले छह—सात साल का ट्रैक रिकार्ड देखें तो 40 डिग्री पारा लास्ट अप्रैल तक पहुंचता है। लेकिन इस बार 18 अप्रैल को ही तापमान 40 डिग्री तक चला गया। इससे पहले 2017 में ऐसा हुआ था। तब 18 अप्रैल को ही तापमान 41 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया था।

# कुशीनगर लोकसभा चुनाव 2024

भगवन्त यादव

कुशीनगर लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश के 543 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। विजय कुमार दुबे कुशीनगर से 2019 लोकसभा चुनाव में चुने गए थे जो 2024में भी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है वहीं छ्क्। गठबंधन से जो सपा के खाते में सीट है इसके घोषित प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार तथा पडरौना से पूर्व विधायक पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी अपनी नयी पार्टी से उम्मीदवारी ठोक दिये है तथा अन्य पार्टीयों व निर्दल के रुप में भी प्रत्याशी बढ़ेगें कुशीनगर लोकसभा चुनाव से जुड़ी जानकारी कुशीनगररू उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बिहार बॉर्डर पर सबसे अहम कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र है। ये तथागत महापरिनिर्वाण प्राप्त गौतम भगवान बुद्ध की धर्म स्थली भी है। यहां बौध और गुप्तकाल के कई प्राचीन धरोहर हैं। यहां निर्वाण स्तूप, महानिर्वाण मंदिर, माधाकुंवर मंदिर, रामाभर स्तूप, बौद्ध संग्रहालय यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहां दुनिया भर से बौद्ध दर्शनार्थी आते हैं। और यहां के गन्ना व केला मुख्य किसानो के आमदनी का फसल है बतातें चलें कि पहले ये पडरौना संसदीय क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। पडरौना में 1957 से 1967 तक कांग्रेस के काशीनाथ पांडेय लगातार तीन बार सांसद चुने गए, फिर 1971 में कांग्रेस से गेंदा सिंह संसद पहुंचे। 1977 के चुनाव में यहां से भारतीय लोक दल के रामधारी शास्त्री ने जीत दर्ज की। फिर 1980 और 1984 में कांग्रेस (आई) से कुंवर चंद्र प्रताप नारायण सिंह ने जीत हासिल की। 1989 में कांग्रेस हारी और यहां से जनता दल के बालेश्वर यादव सांसद चुने गए। फिर भाजपा के राम नगीना मिश्रा ने 1991 से 1999 तक लगातार चार चुनाव मेंइस सीट पर भगवा फहराया। 2004 में राष्ट्रीय नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी से बालेश्वर यादव ने वापसी करते हुए जीत हासिल की। इसके बाद इस सीट का नाम कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र हो गया। कुशीनगर लोकसभा सीट 2008में अस्तित्व में आई। यहां 2009 में पहला चुनाव हुआ। इसमें कांग्रेस से आरपीएन सिंह ने जीत दर्ज की। वह यूपीए सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे। लेकिन इसके



बाद 2014 के चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर कब्जा जमा लिया। भाजपा से राजेश पांडेय उर्फ गुड्ड्डू ने आरपीएन सिंह को हराया। आरपीएन सिंह अब भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में वह भाजपा की तरफ से संसद पहुंच चुके हैं। 2014 में बसपा के डॉ संगम मिश्रा तीसरे नंबर पर रहे, जबकि सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह चौथे नंबर पर रहे 2014 के बाद 2019 में भाजपा ने यहां से प्रत्याशी बदल दिया। इस बार टिकट विजय कुमार दुबे को दिया, वह खड्ड्डा से पूर्व विधायक थे। विजय दुबे ने भी चुनाव में आसानी से जीत दर्ज कर ली। विजय कुमार दुबे ने सपा—बसपा गठबंधन की तरफ से सपा उम्मीदवार एनपी कुशवाहा को हराया। आरपीएन सिंह इस चुनाव में तीसरे नंबर पर खिसक गए। अब भाजपा 2024 के चुनाव में बर्तमान सांसद बिजय कुमार दूबे को ही उम्मीदवार बनाया है जनपद कुशीनगर में कुल सात विधानसभा सीटें है। इनमें खड्डा, हाटा, पडरौना, रामकोला, तमकुहीराज, फाजिलनगर और कुशीनगर प्रमुख हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की आबादी करीब 35 लाख 65 हजार है, इसमें करीब 17 लाख 46 हजार से ज्यादा महिलाए हैं। इस सीट पर ब्राह्मण के अलावा मौर्य और कुशवाहा मतदाताओ का बर्चस्व है। इसके बाद मुस्लिम, कुर्मी सैथवार यादव राजभर निषाद और दलित मतदाता आते हैं। लोकसभा में इस क्षेत्र से अब तक हुये सांसद पडरौना (वर्तमान में कुशीनगर) संसदीय क्षेत्र से

| वर्ष | सांसद | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| 1957 | काशी नाथ पांडेय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | काशी नाथ पांडेय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | काशी नाथ पांडेय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | गेंदा सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | राम धारी शास्त्री | भारतीय लोक दल |
| 1980 | कुंवर चन्द्र प्रताप नारायण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) |
| 1984 | कुंवर चन्द्र प्रताप नारायण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) |
| 1989 | बालेश्वर यादव | जनता दल |
| 1991 | राम नगीना मिश्रा | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | राम नगीना मिश्रा | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | राम नगीना मिश्रा | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | राम नगीना मिश्रा | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | बालेश्वर यादव | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| 2009 (कुशीनगर) | आरपीएन सिंह | कांग्रेस |
| 2014 (कुशीनगर) | राजेश पांडेय गुड्डू | भाजपा |
| 2019 (कुशीनगर) | विजय दुबे | भाजपा |

ने इस सीट पर काबिज रहे 2024में कौन बनेगा सांसद जब मतदाताओ से संवाददाता ने जानकारी ली तो चेहरे और जुबान पर अधिकांशतः खामोशी दिखी नाम न छापने के शर्त पर यह कहा गया कि 2024में कौन बनेगा कुशीनगर का सांसद आने वाला वक्त ही बतायेगा

# स्कूल समय परिवर्तन एवं शिक्षक समस्याओं के संबंध में बीएसए से मिला शैक्षिक महासंघ

दहकती खबरें ब्यूरो

देवरिया। स्कूलों में समय परिवर्तन और शिक्षक समस्याओं के समाधान के संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला संयोजक जयशिव प्रताप चन्द के नेतृत्व में बीएसए से मिला। साथ ही शिक्षक लेखाधिकारी से मिलकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

जिला संयोजक जयशिव प्रताप चन्द ने कहा कि इस समय गर्म हवाओं के कारण दोपहर 12 बजे के बाद स्कूलों के संचालन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। फसल कटाई और तेज हवाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में बिजली कटौती हो रही है। इससे स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को प्रतिकूल दशाओं का सामना करना पड़ रहा है। खराब मौसम के कारण बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। पड़ोस के जिले गोरखपुर और कतिपय अन्य जिलों में विद्यालय संचालन अवधि 7.30 से 12.30 किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नामांकन और गैर मान्यता विद्यालयों का संचालन एक दूसरे से जुड़े हैं। जिलाधिकारी के आदेश के उपरांत गैर मान्यता विद्यालयों के संचालन पर अभियान चला कर तत्काल रोक लगाया जाना आवश्यक है। इसके अलावा प्री—प्राइमरी को मजबूत किया जाना जरूरी है। इससे बच्चों के नामांकन में अपेक्षित वृद्धि संभव होगा।

सह संयोजक विवेक मिश्र ने कहा कि गत सत्र में अनेक विद्यालयों में एस एम सी के विभिन्न मदों की धनराशि प्राप्त नहीं हो पाया। इसके अलावा शिक्षकों के एफ एल एन प्रशिक्षण का पैसा अभी भी नहीं मिला। सेस का मानदेय भी दो ब्लॉक में नहीं पहुंचा। चार साल से शिक्षक संकुल का दायित्व पूरे मनोयोग से निभाने के बाद भी अनेक शिक्षकों का संकुल मानदेय नहीं दिया गया। उन्होंने इन सभी मदों के अप्राप्त धन के भुगतान की मांग किया। वहीं अन्य समस्याओं जैसे मौसम की प्रतिकूलता के दृष्टिगत बच्चों की उपस्थिति कम होने पर शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं करने, पति—पत्नी के सेवारत रहने पर दोनों में से एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने, ैं। व थ्स्छ के अवशेष मानदेय का भुगतान, सेवा निवृत्त शिक्षकों के समस्त देयकों का अविलंब भुगतान करने , प्री प्राइमरी विद्यालयों का संचालन से सम्बंधित समस्याओं के सम्बंध में व अग्रिम आय—कर कटौती को तर्कसंगत बनाने, होम—लोन वालों को प्रार्थना पत्र लेकर अग्रिम आयकर कटौती से मुक्त करने, अवशेष प्रान किट का वितरण करने, एनपीएस कटौती की विसंगति को दूर करने की मांग की गई। इस दौरान विवेक मिश्र, अशोक तिवारी, गोविन्द सिंह, प्रमोद कुशवाहा, नर्वदेश्वर मणि, शशांक मिश्र, अभिषेक जायसवाल, शिखर शिवम, रजनीकांत, आशुतोष चतुर्वेदी, ज्ञानेश यादव, वागीश मिश्र, सत्य प्रकाश शर्मा, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार में संलितप्त ग्राम प्रधान ने करवाया ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

( ग्रामीणों में काफी आक्रोश) शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस दिखी लाचार प्रधान और उसके चहेतों की दबंगई पुलिस पर पड़ रही भारी

सोनभद्र, चतरा ब्लॉक में बड़ी ग्राम पंचायत में आने वाली ग्राम सभा सिल्थम वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में रोज तिल तिल कर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है, यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा कि समरथ के नहीं दोस गोसांई, यह मुहावरा वर्तमान प्रधान पर 100: सटीक फिट बैठता है! ज्ञात हो कि ग्राम सभा सिल्थम के वार्ड नंबर तीन में पूर्व में ग्राम पंचायत के नाम जो भवन बना हुआ था आज वह समय की कुचक्र को झेलते हुए अपना अस्तित्व खो चुका है, वही स्थित मंदिर व हैंडपंप को क्षतिग्रस्त कर वर्तमान ग्राम प्रधान के सह पर संतोष जायसवाल एवं राजकुमार जायसवाल के द्वारा लगभग चार बिस्वा जमीन पर मिटटी डलवा कर निजी शौचालय एवं निजी सरकारी आवास का निर्माण कराया जा रहा है! इस तरह के ऐसे कई मामले इस ग्राम सभा में भरे पड़े हैं और आज भी न्याय की आस में अपने दुर्दीन पर रो रहे हैं! ताजा प्रकरण के अनुसार वहां के ग्रामीणों का कहना है कि लगभग सात बिस्वा जमीन क्रीडा खेलकूद के नाम पर इस जगह पर ग्राम सभा में दर्ज है, इसी कारण पूर्व में इस जगह पर पंचायत भवन बना था जो आज धराशाई हो चुका है, जिसका फायदा दबंग ग्राम प्रधान के नजदीकी उनके चेले चपाठे लेना चाहते हैं, किसी ने ठीक ही कहा है कि



सबगून बसई लऊर के हूरे! ठीक ऐसा ही वाकया इस ग्राम सभा में देखने को मिल रहा है, ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत एकजुट होकर वर्तमान ग्राम प्रधान से किया तो ग्राम प्रधान ने एक लाइन में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि जिसके दरवाजे के सामने सरकारी संपत्ति होती है उस पर उसी का अधिकार होता है, इतना ही नहीं दरवाजे के सामने यदि सरकारी जमीन पर सरकारी भवन भी निर्मित है तो उस पर उस दरवाजे वाले का अधिकार होगा यह जायज है! अंत में बेबस लाचार ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत रामपुर बरकुनिया थाने पर किया तो थाने की पुलिस आई और तत्काल कार्य को रोकने के लिए अवैध कब्जा धारकों से कह कर चली गई लेकिन उक्त लोगों के द्वारा निर्माण कार्य नहीं रोका गया! पुनः जब ग्रामीण थाने पर इस शिकायत को लेकर गए तो पुलिस ने कहा कि जब ग्राम प्रधान है ही सहमत हैं तो हम लोग क्या कर सकते हैं यह कहते हुए पुलिस ने भी अपना पल्ला झाड़ लिया! ज्ञात हो कि यदि इस पर सरकार के द्वारा त्वरित उचित कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो कभी भी शीलथम ग्राम सभा में अराजकता का माहौल बन सकता है जिसका परिणाम बुरा या उससे भी बड़ा कुछ भी हो सकता है, जिसका सीधा असर वर्तमान शासन, प्रशासन और शांति व्यवस्था पर पड़ेगा!

## ४ वारण्टी अभियुक्तोंको गिरफ्तार किया गया

थानाकोखराजपुलिस उ०नि०सत्य प्रकाश सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा मु०अ०सं० ३७३६१६ धारा १४७६१४८६१४६६३२३६५०४६५०६६४२७६४४७ भादवि से सम्बन्धित०२ वारंटी अभियुक्तों१. गोपाल पुत्र स्व० मंसुरीलाल २. लालजी पुत्र स्व० मंसूरी लाल नि०गण नेहरू नया बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी थाना करारी पुलिस प्र०निरी० सुनील कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु०अ०सं० ८७६२४ धारा ३७६ भादवि व ३६४ पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धितबाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात माननीय न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया। वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो—पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले८४वाहनों का ई—चालान किया गया।

## ’नगर पंचायत हीरागंज चौराहे पर बैरियर लगाकर रूट डायवर्ट किया गया

संदीप सिंह ब्यूर।चीफप्रतापगढ़ शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे नगर पंचायत हीरागंज चौराहे पर महेश गंज पुलिस ने बैरियर लगाकर रूट



डायवर्ट कर दिया सभी चार पहिया एवं बड़े वाहनों को डेरवा बाजार की तरफ जाने से रोका गया , सभी बड़े वाहनों को बाबागंज मार्ग पर से जाने का निर्देश दिया गया , रूट डायवर्ट होने से बड़े वाहनों को परेशानी उठानी पड़ी, इस संदर्भ में वार्ता करने पर थाना अध्यक्ष महेशगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि डेरवा में जुलूस निकला गया है भीड़भाड़ को देखते हुए सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता के आदेश पर और रूट डायवर्ट किया गया है

## सुरेंद्र कुमार बने संघ जनपद सोनभद्र के पशु मित्र /पशु मैत्री के निर्विरोध अध्यक्ष

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, राजकीय पशु चिकित्सालय सोनभद्र सदर के प्रांगण में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र के निर्देशन में पशु मित्र/ पशु मैत्री एलएमआई संघ जनपद सोनभद्र की बैठक की गई, जिसमें कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण आदि की समीक्षा के उपरांत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र के द्वारा संघ के बैठक में जिला अध्यक्ष एवं संघ के कार्यकारिणी का चयन हेतु निर्देश दिए गए! जिसके क्रम में बैठक में उपस्थित संघ के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं के द्वारा एक स्वर से श्री सुरेंद्र कुमार जी को निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित किया गया! बैठक के दौरान श्री सुरेंद्र कुमार जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस दौरान



अपने वक्तव्य में श्री सुरेंद्र कुमार जी ने पशुपालन विभाग में कार्यरत अपने सभी साथियों को उनके कार्यों को देखते हुए उन सभी की बहुत ही भूरी भूरी प्रशंसा की!साथ ही विगत वर्षों की भाति सत प्रतिशत टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी साथियों को प्रोत्साहित एवं उनका उत्साहवर्धन किया!

## ब्राह्मण की हत्या पर न्याय के लिए चाणक्य परिषद ने भरी हुंकार,हत्यारो पर कार्रवाई को लेकर आंदोलन की तैयारी

व्यूरो नीलम सिंह

अयोध्या। ब्राह्मण मृतक ओमप्रकाश पांडे पुत्र पारसनाथ पांडे ग्राम प्रसवा थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के कुछ दबंगो के द्वारा हत्या करके लाश को घर के बाहर फेकने पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया है।मृतक के आवास पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं अध्यक्ष श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट पंडित कृपानिधान तिवारी के नेतृत्व मे 20 अप्रैल को 11रू00 बजे सरियावा चौराहे पर इकट्ठा होकर 12रू00 बजे मृतक ओम प्रकाश पांडे के आवास परसावां एक प्रतिनिधि मंडल जाकर पूरी घटना की जानकारी लेकर जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से वार्ता कर करवाई करने की मांग करेगा। मृतक को न्याय दिलाने की लड़ाई चाणक्य परिषद लडने का निर्णय लेगा।

# पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में भी भाजपा ने मजबूत स्थिति बनाई

भोपाल,19 अप्रैल (आरएनएस)। 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की 102 लोकसभा सीटों में आज मतदान है। वैसे तो इन सीटों में भारत के सभी हिस्सों की सीटें शामिल हैं, लेकिन आज के मतदान में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार भाजपा का थिड्क्षक टैक और रणनीतिकार मानते हैं कि पार्टी हिंदी बेल्ट और पश्चिमी भारत में सैफ जोन में है। हिंदी बेल्ट में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा,, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ और लद्दाख आते हैं। जबकि पश्चिम भारत से आशय महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा और दादर नगर हवेली से होता है। ये वो राज्य हैं जहां भाजपा 2014, 2109 की तरह 90 फीसदी का स्ट्राइक रेट रखने की स्थित में है। जबकि पूर्वी भारत के अंतर्गत आने वाले उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में इस बार पार्टी क्षेत्रीय दलों क्रमशरू बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस को टक्कर दे रही है। तमाम सर्वेक्षण और ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि उड़ीसा में भाजपा 21 में से 19 और पश्चिम बंगाल में 42 में से 20 सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। किसी समीरण में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। पिछली बार भाजपा उड़ीसा में आठ और पश्चिम बंगाल में 18 सीटों पर जीती थी। भाजपा के लिए सबसे कठिन प्रश्न दक्षिण भारत के तीन राज्य बने हुए हैं। तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश राज्य है जहां संभव है भाजपा अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इनमें आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के कारण पार्टी का खाता खुल सकता है। लेकिन केरल और तमिलनाडु में वोट प्रतिशत दुगने से भी ज्यादा होने के बावजूद सीटें मिलेंगी की नहीं इस पर शंका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार तमिलनाडु में अभूतपूर्व प्रयास किए हैं।

# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, डेवोन कान्वे चोट के चलते टूर्नामेंट से हुए बाहर



चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है।आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसके अनुसार डेवोन कॉन्वे चोट के कारण टाटा आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉन्वे ने 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 924 रन बनाए हैं। इसमें 9 फिफ्टी और 92 नाबाद उच्चतम स्कोर शामिल है। प्रेस रिलीज में आगे लिखा है कि, सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। ग्लीसन ने 6 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है और उनके नाम 9 विकेट हैं। इसके अलावा ग्लीसन ने 90 टी20 खेले हैं और 101 टी20 विकेट चटकाए हैं। उन्हें 50 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ टीम में शामिल किया गया है।

# आज ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेंगे रोहित शर्मा, धोनी के क्लब में होंगे शामिल



रोहित शर्मा आज गुरुवार को आईपीएल के इतिहास में एक खास उपलब्धि अपने नाम करने वाले हैं। दरअसल, वे एमएस ध ोनी के एलीट क्लब में शामिल हो जाएंगे। इस क्लब में धोनी एकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने 250 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। इस लिस्ट में अब रोहित शर्मा भी शामिल होने जा रहे हैं।मुंबई इंडियंस के ओपनर रोहित शर्मा आज गुरुवार को आईपीएल के इतिहास में एक खास उपलब्धि अपने नाम करने वाले हैं। दरअसल, वे एमएस ध ोनी के एलीट क्लब में शामिल हो जाएंगे। इस क्लब में धोनी एकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने 250 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। इस लिस्ट में अब रोहित शर्मा भी शामिल होने जा रहे हैं।पंजाब किंग्स के खिलाफ रोहित शर्मा चंडीगढ़ के मैदान पर खेलने उतरेंगे तो वे आईपीएल में 250 मैच खेलने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। ये उपलब्धि अभी तक एमएस ध ोनी के नाम है। धोनी ने सीएसके और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए 256 मुकाबले खेले हैं, जबकि रोहित शर्मा ने डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के लिए अब तक 249 मैचों में हिस्सा लिया है। इतने ही मैच दिनेश कार्तिक भी खेल चुके हैं। दिनेश कार्तिक ने दिल्ली डेयरडेविल्स, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब, मुंबई इंडियंस और आरसीबी के लिए इतने मैच खेले हैं।

# इण्डिया पाकिस्तान टेस्ट भारत-पाकिस्तान टेस्ट सीरीज को लेकर रोहित शर्मा का बयान, जानें क्या कहा



रोहित शर्मा ने कहा कि, पाकिस्तान के पास शानदार बॉलिंग लाइन अप है। मुझे लगता है कि ये एक अच्छी प्रतियोगिता होगी। खासतौर पर अगर आप विदेशी परिस्थितियों में खेलते हैं। ये कमाल का होगा। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टेस्ट मैच 2006 या 2008 में खेला गया था। जहां वसीम जाफर ने कोलकाता में दोहरा शतक बनाया था। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित तौर पर द्विपक्षीय सीरीज की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ये शानदार मुकाबला होगा और टेस्ट क्रिकेट के लिए काफी शानदार होगा। पॉडकास्ट क्लब प्रेयरी फायर पर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित से पूछा कि क्या आपको नहीं लगता कि भारत का पाकिस्तान के साथ नियमित रूप से खेलना टेस्ट क्रिकेट केलिए शानदार होगा? रोहित ने इस सवाल के जवाब में कहा कि, मुझे पूरा यकीन है कि मुकाबला जोरदार होगा क्योंकि पाकिस्तान भी अच्छी टीम है। रोहित ने आगे कहा कि, पाकिस्तान के पास शानदार बॉलिंग लाइन अप है। मुझे लगता है कि ये एक अच्छी प्रतियोगिता होगी। खासतौर पर अगर आप विदेशी परिस्थितियों में खेलते हैं। ये कमाल का होगा। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टेस्ट मैच 2006 या 2008 में खेला गया था। जहां वसीम जाफर ने कोलकाता में दोहरा शतक बनाया था। आखिरी बार भारत और पाकिस्तान ने 2007 में बेंगलुरु में टेस्ट मैच खेला था। भारत ने तीन मैचों की सीरीज 1-0 से जीती थी। वॉन ने रोहित से पूछा कि, क्या वह पाकिस्तान के साथ नियमित सीरीज देखना चाहेंगे? भारतीय कप्तान ने कहा कि, मुझे अच्छा लगेगा। दिन के अंत में, हम प्रतियोगिता में बने रहना चाहते हैं। रोहित ने आगे कहा कि, मुझे लगता है कि ये दोनों पक्षों के बीच शानदार मुकाबला होगा। हम वैसे भी उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं। तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मेरी दिलचस्पी सिर्फ क्रिकेट में है। मैं और कुछ नहीं देख रहा हूं।

# पंत के खेलने पर केविन पीटरसन ने दिया हैरान करने वाला जवाब



केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिये टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाये।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और ेलने चाहिये। इतना खेलने पर वह तैयार हो जायेगा।

# मेग लैनिंग ने संन्यास लेने का बताया कारण, कहा- अवसाद, कम खाने से वजन घटने की वजह से लिया रिटायरमेंट



मेग लानिंग ने खुलासा किया है कि अवसाद के दौरे और अत्यधिक व्यायाम तथा कम खाने से वजन घटने के कारण उन्होंने 31 वर्ष की उम्र में ही खेल को अलविदा कह दिया। लानिंग ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिये छह महीने का ब्रेक लिया था। ऑस्ट्रेलिया की छह बार की विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेट कप्तान मेग लानिंग ने खुलासा किया है कि अवसाद के दौरे और अत्यधिक व्यायाम तथा कम खाने से वजन घटने के कारण उन्होंने 31 वर्ष की उम्र में ही खेल को अलविदा कह दिया। लानिंग ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिये छह महीने का ब्रेक लिया था। उन्होंने एशेज 2023 के बाद खेल को अलविदा कह दिया लेकिन कोई कारण नहीं बताया था। उन्होंने ' द हाउइ गेम्स ' पॉडकास्ट में कहा ,'' सभी मुझसे कहते थे कि कुछ सही नहीं हो रहा है लेकिन मैने स्वीकार नहीं किया। मैं क्रिकेट खेलने की स्थिति में नहीं थी। एशेज जैसी श्रृंखला के लिये मानसिक और शारीरिक तौर पर काफी प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है।'' उन्होंने कहा कि एक ऐसा समय आया जब उनकी भूख ही खत्म हो गई और सप्ताह में 90 किलोमीटर दौड़ने के बाद वह सिर्फ दो बार खाना खाती थी जिससे काफी वजन कम हो गया। उन्होंने कहा ,'' मैं कम खाती थी और ज्यादा वर्जिश करती थी। मेरा वजन 64 किलो से 57 किलो हो गया। इससे मेरी एकाग्रता पर असर पड़ा। मैं दूसरे लोगों को देखना नहीं चाहती थी। अपने परिवार और दोस्तों से भी कट गई। फिर मुझे लगा कि अब इस पर रोक लगनी चाहिये।'' लानिंग ने कहा ,'' मैं बस कान में ईयरफोन लगाकर दौड़ने चली जाती। फोन भी साथ नहीं रखती थी। संगीत के लिये एपल वॉच ले जाती। इससे कोई मुझसे संपर्क नहीं कर पाता। ध ीरे धीरे यह मेरी आदत बन गई।'' उन्होंने कहा कि एक समय पर अवसाद ने उन्हें इतना घेर लिया कि दो घंटे भी सो नहीं पाती थी।

# विराट कोहली के साथ ओपनिंग और बीसीसीआई मीटिंग पर रोहित शर्मा का खुलासा, कहा- सब झूठ है...



भारतीय कप्तान से हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कोहली के साथ ओपनिंग करने की संभावना के बारे में पूछा। इस पर रोहित ने खुलास किया कि वह किसी से नहीं मिले हैं और ओपनिंग कौन करेगा इस पर भी कुछ तय नहीं हुआ है। उन्होंने एक तरह से दावा किया कि रिपोर्ट झूठी है। टी20 वर्ल्ड कप टीम की घोषणा होने में अभी लगभग 10 दिन का समय शेष है। लेकिन उससे पहले से ही अटकले लगाई जा रही हैं कि, रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। साथ ही ये भी कहा जा रहा था कि, रोहित शर्मा, अजीत अगरकर और राहुल द्रविड़ के बीच टी20 वर्ल्ड कप को लेकर मुलाकात हुई है। वहीं इस बीच भारतीय कप्तान से हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कोहली के साथ ओपनिंग करने की संभावना के बारे में पूछा। इस पर रोहित ने खुलास किया कि वह किसी से नहीं मिले हैं और ओपनिंग कौन करेगा इस पर भी कुछ तय नहीं हुआ है। उन्होंने एक तरह से दावा किया कि रिपोर्ट झूठी है। रोहित शर्मा ने एडम गिलक्रिस्ट के पॉडकास्ट पर कहा कि, हम अब तक नहीं मिले हैं, हमने यह तय नहीं किया है कि वर्ल्ड कप में कौन ओपनिंग करेगा आज के युग में, जब तक आप मेरी, राहुल भाई या अजीत भाई की बात नहीं सुनते, बाकी सब झूठ है। रोहित शरफमा आज रात पीबीकेएस के खिलाफ एमआई मुल्लांपुर में खेलने उतरेंगे। रोहित शर्मा अपने 250वें आईपीएल मैच में हिस्सा लेंगे और ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्होंने 249 आईपीएल मैचों में 30.10 की औसत से 6472 रन बनाए हैं।

# दिल्ली ने गुजरात को 6 विकेट से हराया, ;षभ पंत और गेंदबाज चमके

बुधवार को खेले गए आईपीएल 2024 मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से मात दी। उस मैच में दिल्ली की तरफ से कप्तान पंत और गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया।अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए आईपीएल 2024 मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से मात दी। उस मैच में दिल्ली की तरफ से कप्तान पंत और गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। वहीं, पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। इस दौरान मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर 3 विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने 8 रन देकर 2 और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये।

# बालों में कितने दिन बाद तेल लगाना सही है रोजाना तेल लगाना बालों के लिए खतरनाक



बालों को मजबूत, घना और सुंदर बनाने के लिए लोग कई मेहनत करते हैं. कुछ लोग बालों की ग्रोथ के लिए रोजाना तेल लगाते ,हैं लेकिन क्या आप जानते हैं बालों में रोजाना तेल लगाना बालों को नुकसान पहुंचा सकता है आईए जानते हैं बालों में तेल कब लगाना सही होता है.बालों में तेल कब लगाना चाहिए

बालों में तेल लगाने का सबसे सही समय रात का होता है. जब भी आप सोने जाएं उससे पहले अपने बालों में गुनगुने तेल से मालिश जरूर करें इससे तनाव दूर होगा साथ ही बाल मजबूत होंगे. रात भर बालों में तेल लगा रहने दे, फिर सुबह उठकर शैंपू से अपने बाल धो लें. इससे आपके बाल मजबूत, घने और लंबे होंगे.

तेल लगाने के फायदेतेल लगाने से बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं साथ ही रूखेपन की समस्या दूर होती है बाल खोपड़ी को स्वस्थ बनाते हैं और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करते हैं. रोजाना तेल लगाना खतरनाक है या नहीं या आपके बालों के प्रकार पर निर्भर करता है आपके बाल रूखे हैं, तो रोजाना तेल लगाने से उन्हें फायदा होगा. तेल लगाने के नुकसानलेकिन अगर आपके बाल ऑयली तो रोजाना तेल लगाने से आपके बाल और ज्यादा ओली हो सकते हैं साथ ही उनमें बाहर की धूल, मिट्टी जमा हो सकती है. कुछ लोगों के बाल तेल लगाने से झडने लगते है और ओली होने लगते हैं कुछ लोगों को बालों में तेल लगाने से एलर्जी होने की संभावना बढ़ जाती है. ज्यादा तेल लगाने से गंदगी जमा होने लगती है. कुछ बातों का रखें ध्यानतेल लगाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है जैसे कि तेज गर्म तेल को अपने बालों पर न लगाएं, तेल को अपनी खोपड़ी और बालों पर अच्छी तरह से मालिश करें बालों में कम से कम 30 मिनट के लिए तेल जरूर लगाए. इसके अलावा जब भी आप तेल लगाए तो ध्यान रहे तेल को जड़ तक जाने दे. अपने बालों के हिसाब से सही तेल का चयन करें.।

# दांत के साथ साथ जीभ की भी करें सफाई, वरना हो जाएगी कई बीमारियां, जानें 5 टिप्स



हर सुबह उठकर दांतों की सफाई करना अच्छा माना जाता है लेकिन अगर जीभ की सफाई को अनदेखा कर देते हैं तो खतरनाक हो सकता है. जीभ की सफाई करना बेहद जरूरी होता है. इससे ओरल हाइजीन (ह्न्ह्न्ड्डद्य ध्4द्दद्बद्गठ्ठद्ग) बनी रहती है और कई समस्याओं से आप बच जाते हैं. जीभ की सफाई न करने पर मुंह से बदबू आने लगती है. कई ओरल प्रॉबलम्स हो सकती है. बैक्टीरिया कई गंभीर बीमारियों को पैदा कर सकते हैं. ऐसे में यहां जानिए जीभ की सफाई करने के कुछ टिप्स...

नमक और सरसों तेल

जीभ साफ करने के लिए नमक काफी अच्छा माना जाता है. इसके लिए थोड़े से नमक में सरसों की तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और जीभ पर लगाएं. इसके बाद ब्रश के पिछले हिस्से से जीभ पर हल्के हाथों से रगड़कर जीभ पर जमी गंदगी को साफ करें.

दही

जीभ की सफाई में दही भी काफी अच्छा विकल्प माना जाता है. इससे गंदगी और सफेद परत अच्छी तरह साफ हो जाती है. दरअसल, दही में प्रोबायोटिक्स और लैक्टिक एसिड पाई जाती है. एक चम्मच दही लेकर जीभ पर लगाएं और ब्रेश के पिछले हिस्से से साफ करें.

बेकिंग सोडा और नींबू रस

बेकिंग सोडा जीभ की गंदगी की अच्छी तरह सफाई करता है. थोड़ा सा बेकिंग सोडा लेकर उसमें नींबू का रस मिला लें. इसे पसे्ट बनाकर फिंगर टिप की मदद से जीभ पर मसाज करें. कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें. इससे जीभ अच्छी तरह साफ होगा.

वेजिटेबल ग्लिसरीन

जीभ की साफ-सफाई में वेजिटेबल ग्लिसरीन भी काम आ सकता है. इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लेकर जीभ पर रखकर ब्रश से साफ करें. इसके बाद गर्म पानी से कुल्ला करें. जीभ अच्छी तरह साफ हो जाएगा.हल्दीजीभ साफ करने में कई घरेलू उपायों में से एक हल्दी भी है.

हल्दी पाउडर में नींबू का थोड़ा सा रस मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे जीभकर पर लगाकर फिंगर टिप से मसाज करें. कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें.

# जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर हुआ आउट, एक्शन अवतार में दिखीं अभिनेत्री

जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है. मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं. पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है. जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं. इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है– सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं. ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं.वे किसी लायक नहीं हैं.उलझ का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है. जाह्नवी कहती हैं– गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर. टीजर में जाह्नवी कपूर को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग–अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं. इसके साथ–साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं.उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं. वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं. इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी भी फिल्म का हिस्सा हैं. उलझ को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है. जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी.जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर देवारारू पार्ट 1 में भी दिखाई देंगी. यह उनकी पहली डेब्यू तेलुगु फिल्म है. इसके अलावा उनकी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भी 31 मई, 2024 को थिएटर्स में दस्तक देने के लिए तैयार है. इस फिल्म में वे राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी. वहीं उनके पास रामचरण के साथ दूसरी तेलुगु फिल्म आरसी16 भी पाइपलाइन में है. साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गोटरू ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। बीते दिन निर्माताओं ने पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी कि गोटरू ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का पहला गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं आखिरकार अब इंतजार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है, जिसका शीर्षक है व्हिसल पोडु।अभिनेता विजय की गोट के निर्माताओं ने तमिल नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पहला गाना व्हिसल पोडु जारी कर दिया है। यह एक पार्टी गीत है, जिसे विजय ने स्वयं गाया है। और अभिनेता ने प्रभावशाली काम किया है। संगीत वीडियो में विजय ने डांस मूव्स भी दिखाए। युवान शंकर राजा ने गाने में संगीत दिया है। गाने का आखिरी मिनट काफी अच्छा है, जिसमें विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर के डांस मूव्स देखने को मिले। आरआरआर और बाहुबली के लेखक मदन कार्की ने इस फुट–टैपिंग डांस नंबर के लिए




गीत लिखे हैं।प्रोडक्शन कंपनी एजीएस प्रोडक्शन ने गाने को अपनी आधिकारिक एक्स साइट पर साझा किया और लिखा और लिखा, हियर वी गो, व्हिसल पोडू. ..गोट फर्स्ट सिंगल। विजय सर का स्वर है। पार्टी डांस सॉन्ग दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। इसका म्यूजिक लोगों को अपने पैर पर थिरकने के लिए मजबूर कर देगा। वीडियो में विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर का धमाकेदार डांस फैंस का उत्साह बढ़ा रहा है।कहा जा रहा है कि गोट के एल्बम में सभी प्रमुख पात्रों के लिए कई लघु थीम गीतों के साथ चार गाने शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवान ने विजय की भूमिका के लिए एक सिग्नेचर थीम सॉन्ग बनाया है, जो प्रतिष्ठित मनकथा थीम की तर्ज पर है। यह फिल्म वेंकट प्रभु द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म के जरिए वेंकट प्रभु और विजय पहली बार साथ काम कर रहे हैं। गोट विजय की 68वीं फिल्म है। इसे एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन बैनर द्वारा नियंत्रित किया गया है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन–आधारित विज्ञान–फाई फिल्म होगी। इस फिल्म में विजय के अलावा माइक मोहन,

प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज जैसे उनके निरंतर सहयोगी भी हैं। यह फिल्म पांच सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सिद्धार्थ के जन्मदिन पर रिलीज हुआ इंडियन 2 का पोस्टर, कमल हासन के साथ करेंगे स्क्रीन शेयर

कई बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से सभी का दिल जीत चुके सिद्धार्थ सूर्यनारायण का आज जन्मदिन है। सिद्धार्थ के 45वां जन्मदिन के मौके को और भी खास बना दिया है फिल्म मेकर्स की इस खास पोस्ट ने। दरअसल, फिल्म इंडियन 2 1996 में आई फिल्म इंडियन का ही सीक्वल है। इस फिल्म में अभीतक कमल हासन के होने की ही पुष्टि हुई थी, लेकिन अब फिल्म के इस आधिकारिक पोस्ट की रिलीज के बाद यह साफ हो गया है कि सिद्धार्थ सूर्यनारायण भी इस फिल्म का अहम हिस्सा है।इंडियन 2 के मेकर्स लाइका प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्टर का फर्स्ट लुक शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। फिल्म के इस पोस्टर को देखकर फैंस काफी सरप्राइज रह गए हैं। फिल्म मेकर्स ने पोस्टर शेयर करके लिखा, टीम इंडियन 2 की तरफ से मल्टी टैलेंटेड एक्टर सिद्धार्थ को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। आप हमेशा अच्छे किरदार और भूमिकाएं निभाते रहो। आपकी सफलता में एक और नया साल जुड़ गया है। सिद्धार्थ




को आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से फिल्मों में खास पहचान मिली थी। एक्टर ने हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी से सगाई रचाई है। इसके चलते भी एक्टर ने खूब सुर्खियां बटोरी है। अब सिद्धार्थ साउथ निर्देशक एस. शंकर के निर्देशन में बनी साउथ सुपरस्टार कमल हासन स्टारर फिल्म इंडियन 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में सिद्धार्थ चित्रा वरधनरंजन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में कमल हासन एक सेनापति का किरदार निभाएंगे। फिल्म में काजल अग्रवाल लीड रोल में नजर आएंगी। साथ ही रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी, नेदुमुदी वेनू, विवेक, कालिदास जयाराम, गुलशन ग्रोवर और कॉमेडी स्टार ब्रह्मानंदन समेत कई स्टार्स फिल्म का हिस्सा हैं।

यह फिल्म पूरी तरह से एक पॉलिटिकल और देश में भ्रष्टाचार पर बनी है, जोकि साल 1996 में आई फिल्म हिंदुस्तानी का पार्ट 2 है। पूरे 28 साल बाद शंकर फिल्म का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। फिल्म इर्ंडियन 2 जून 2024 में रिलीज हो सकती है, क्योंकि अभी इसकी रिलीज डेट

## अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव

अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में



खुलकर बात की। यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता–पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है।कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं।शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि

# बाक्स आफिस पर सुस्त पड़ी मैदान तो क्रू की पकड़ अब भी बरकरार, ऐसा रहा कारोबार

बॉक्स ऑफिस पर 3 फिल्में लगी हुई हैं, जिनमें से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां मुख्यता दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।एक ओर बड़े मियां छोटे मियां इन दिनों सबसे ज्यादा कमाई कर रही है, तो मैदान की हालत सुस्त दिख रही है। इसके साथ ही क्रू अपने तीसरे हफ्ते में भी दर्शकों को खींचने में सफल हो रही है।चलिए जानते हैं किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की।अली अब्बास जफर की एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी और मंगलवार को भी फिल्म ने अच्छा कारोबार किया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के छठवें दिन यानी मंगलवार को 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया।अक्षय–टाइगर और पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 45.55 करोड़ रुपये हो गया है।अजय देवगन की




स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान, बड़े मियां छोटे मियां के साथ ईद के खास मौके पर ही रिलीज हुई थी। दोनों फिल्मों की भिड़ंत में बोनी कपूर निर्मित फिल्म को नुकसान हुआ था।पहले दिन से अजय की फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मैदान ने छठवें दिन मामूली बढ़त के साथ 1.65 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसी के साथ फिल्म का कुल कारोबार 25.15 करोड़ रुपये हो गया है।करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की फिल्म क्रू को पहले दिन से दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म अपने तीसरे हफ्ते में अजय और अक्षय जैसे सितारों की फिल्मों की मौजूदगी के बाद भी दर्शकों को खींचन में कामयाब हो रही है।हालांकि, क्रू की कमाई में गिरावट देखने को मिली है।सैकनिल्क के मुताबिक, 19वें दिन क्रू ने 43 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसकी कुल कमाई 70.26 करोड़ रुपये हो गई है। इस हफ्ते बड़े मियां छोटे मियां, मैदान और क्रू को टक्कर देने के लिए सिनेमाघरों में 3 फिल्में रिलीज होने वाली हैं।19 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर विद्या बालन की दो और दो प्यार के साथ ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की मिस्टर एंड मिसेज माही दस्तक दे रही है।इसके साथ ही एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 भी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अंकिता लोखंडे का वेब सीरीज आम्रपाली से फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, एक्ट्रेस रायल लुक में आईं नजर

वेब सीरीज आम्रपालीका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें अभिनेत्री अंकिता लोखंडे को रॉयल अवतार में देखा जा सकता है. पोस्टर के तहत, अंकिता एक गौरवमयी लुक में दिखाई दे रही हैं. इस मैग्नम ओपस सीरीज के साथ संदीप सिंह ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं. अभी तक इस सीरीज की रिलीज, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म या फिर अन्य किरदारों ऐलान नहीं किया गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि इसका ऐलान जल्द होगा. अंकिता हाल ही में रणदीप हुड्डा के साथ स्वातंर्त्य वीर सावरकर फिल्म में दिखाई दी थी.

जानकारी के अनुसार संदीप प्राचीन भारत में वैशाली गणराज्य की शाही नर्तकी के जीवन को पर्दे पर उतारना चाहते हैं। मशहूर नगरवधू आम्रपाली का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अंकिता को चुना है।अंकिता ने कहा कि फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर में जमुना बाई का किरदार निभाने के लिए उन्हें दुनिया भर में काफी सराहना मिली है, जिसके कारण उन्हें इस तरह के रोल के प्रस्ताव मिल रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, मुझे समझदारी से रोल चुनना है। मैं स्वातंर्त्य वीर सावरकर के बाद आम्रपाली में काम करूंगी। मैं जल्द ही कुछ



और अच्छे चयन करूंगी। आम्रपाली मेरे और दर्शकों के लिए सरप्राइज होगी। मुझे उम्मीद है कि मैं दर्शकों को निराश नहीं करूंगी। यह सीरीज एक नर्तकी के नगरवधू बनने से लेकर उसके बौद्ध धर्म अपनाने तक की कहानी को बताएगी, जो अंततरू सभी विलासिता को त्याग देती है और एक बौद्ध भक्त के रूप में ब्रह्मचर्य अपनाती है।संदीप ने कहा कि आम्रपाली अपनी सुंदरता के लिए जानी जाती थी और वह भारत के इतिहास में सबसे मजबूत पात्रों में से एक थी।उन्होंने कहारू मैंने अंकिता लोखंडे के अलावा किसी और के बारे में नहीं सोचा, जिन्होंने मेरी फिल्म श्स्वातंर्त्य वीर सावरकरश् में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। वह इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। उनमें एक आकर्षक राजकुमारी और नगरवधू के सभी गुण हैं और वह एक बेहतरीन नर्तकी भी हैं।

उन्होंने कहा कि सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन अभिनीत हम दिल दे चुके सनम और शाहरुख खान की देवदास के बाद, आम्रपाली उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण संगीत यात्रा होगी।

संगीतकार इस्माइल दरबार सीरीज के लिए संगीत देंगे।दरबार ने कहा, यह कहानी एक नर्तकी के बारे में है, जो जीवन से निराश होकर अध्यात्म को अपना लेती है। आम्रपाली की समृद्धि और दिव्यता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न रंगों के दस गाने होंगे।



# अवनीत कौर ने ट्रांसपैरेंट आउटफिट पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की अदाओं ने यूजर्स को किया घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं।अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी–मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है।टीवी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली ग्लैमरस अदाकारा अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आग लगाने के लिए मशहूर हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कना शुरु हो जाएगा. अवनीत कौर ने ऑफ व्हाइट कलर की ट्रांसपैरेंट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है. लाइट मेकअप के साथ बालों को ओपन रखा है और एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं.इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों ने यूजर्स का हाल बेहाल कर दिया है और वे अवनीत की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं।

# राज कुंद्रां के सिर पर फिर गिरी गाज! 98 करोड़ की संपत्ति मनी लान्ड्रिंग मामले में ईडी ने की जब्त, का फ्लैट भी शामिल

बिजनेसमैन राज कुंद्रा की पत्नी शिल्पा शेट्टी के जुहू स्थित फ्लैट समेत उनकी 97 करोड़ रुपये की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर ली है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक पोस्ट में घोषणा की है कि वह राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करेगा। गुरुवार दोपहर एक बयान में एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा, जिन्हें राज कुंद्रा के नाम से भी जाना जाता है, की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न करने के अपने फैसले की घोषणा की।बयान में कहा गया है, ईडी, मुंबई ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया है। संलग्न संपत्तियों में जुहू में स्थित आवासीय फ्लैट शामिल है जो वर्तमान में के नाम पर है। शिल्पा शेट्टी, पुणे में स्थित आवासीय बंगला और राज कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर। कुर्क की गई संपत्तियों में जुहू स्थित एक आवासीय फ्लैट शामिल है, जो वर्तमान में व्यवसायी की अभिनेत्री पत्नी शिल्पा शेट्टी के नाम पर पंजीकृत है। इसके अलावा पुणे स्थित एक आवासीय बंगला और राज कुंद्रा के नाम से पंजीकृत इक्विटी शेयर भी कुर्की में शामिल किए गए हैं।ईडी द्वारा की गई कार्रवाई कुंद्रा से जुड़ी कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों की चल रही जांच का हिस्सा है। मीडिया को दिए एक बयान में, केंद्रीय निकाय ने कहा कि उन्होंने मेसर्स वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड, स्वर्गीय अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। महेंद्र भारद्वाज और एमएलएम एजेंटों की संख्या।एजेंसी के अनुसार, यह आरोप लगाया गया है कि श्भोली–भाली जनताश से बिटकॉइन के रूप में भारी मात्रा में धनराशि (2017 में ही 6600 करोड़ रुपये) एकत्र की गई थी, जिसमें श्फॉर्म में प्रति माह 10: रिटर्न के झूठे वादेश शामिल थे। बिटकॉइन काश. बयान में कहा गया है, ष्एकत्रित बिटकॉइन का उपयोग बिटकॉइन खनन के लिए किया जाना था और निवेशकों को क्रिप्टो परिसंपत्तियों में भारी रिटर्न मिलना था।

# अपर स्वास्थ्य निदेशक ने सीएचसी का किया निरीक्षण, कई स्वास्थ्य कर्मी मिले गैर हाजिर

संवाददाता

अयोध्या। अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ सुशील प्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का में निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई दुरुस्त रखने एवं जहां खामियां मिली वहां सुधार करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी गैर हाजिर मिले। लैब टेक्नीशियन राजेंद्र कुमार और लैब सहायक अमरचंद के बगैर सूचना के गैर हाजिर रहने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा डॉ प्रतीक्षा वर्मा एवं सुरेश चंद्र के अनुपस्थित रहने के संबंध में उन्हें बताया गया कि दोनों लोग अवकाश पर हैं। अपर स्वास्थ्य निदेशक द्वारा गर्मी और बदलते मौसम लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए चार बेड का सुरक्षित रूम बनाए जाने का निर्देश दिया। जहां पर आपातकाल स्थिति में हीट स्ट्रोक लू और गर्मी से पीड़ित मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और राहत उपलब्ध हो सके। अस्पताल के ओपीडी हाल में कूलर और पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था किए जाने का भी निर्देश दिया। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। जलालपुर माफी गांव पहुंचकर स्वास्थ कार्यक्रम की सच्चाई परखी गई। अपर स्वास्थ्य निदेशक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक–ठाक मिला है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, चिकित्सक संत कुमार मौर्य, धर्मेंद्र रंजन, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा ईवीएम व वीवी पैट का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

संवाददाता

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न प्रक्रियों को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम एवम् वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम एवम् वीवी पैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के मौजूद रहे। इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम एवम् वीवी पैट वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री स्वाति शर्मा सहित समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी

# अनूठा है सी.एम.एस. का बाल फिल्मोत्सवः छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों की आम राय



संवाददाता । लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में 91 देशों की बेहतरीन शिक्षात्मक व प्रेरणादायी फिल्मों से प्रेरणा लेने छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों ने एक स्वर से कहा कि सी.एम.एस. का यह बाल फिल्मोत्सव अनूठा है जो किशोर व युवा पीढ़ी को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता की शिक्षा भी दे रहा है। अभिभावकों का कहना था कि हर चीज किताबों से या घर पर नहीं सीखी जा सकती। देश–विदेश की इन बाल फिल्मों में जीवन के विविध आयाम समाये हुए हैं जो छात्रों को सही व गलत का चुनाव करने की योग्यता प्रदान करेंगे। इस सात–दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में 91 देशों की 500 से अधिक शिक्षात्मक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं।

बाल फिल्मोत्सव के पाँचवे दिन का शुभारम्भ आज मुख्य अतिथि श्री अशोक शर्मा, वाइस प्रेसीडेन्ट, मीडिया सल्यूशन्स, अमर उजाला, नई दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर किया जबकि फिल्म से जुड़ी प्रख्यात हस्तियों श्री तलत अजीज, सादिया सिद्दीकी, दिव्या भट्टाचार्य एवं पार्थसारथी दास ने अपनी उपस्थिति से समारोह की रौनक में चार–चांद लगा दिये और छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अशोक शर्मा ने कहा कि यह बाल फिल्मोत्सव अपने आप में ऐतिहासिक है, जहाँ शैक्षिक फिल्मों के माध्यम से बच्चों का चरित्र निर्माण किया जा रहा है। प्रख्यात गायक श्री तलत अजीज ने कहा कि बाल फिल्मों के प्रति बच्चों का उत्साह इस महोत्सव की अभूतपूर्व सफलता की कहानी स्वयं बयां कर रहा है। अभिनेत्री सुश्री सादिया सिद्दीकी का कहना था कि बच्चों के नैतिक व चारित्रक विकास के लिए इतना बड़ा आयोजन लखनऊ में हो रहा है, जिसके लिए सी.एम.एस. प्रबन्धन वास्तव में बधाई का पात्र है। प्रेस कान्फ्रेन्स में अन्तर्राष्ट्रीय ज्यूरी सदस्यों ने पत्रकारों से मुलाकात की। ये ज्यूरी सदस्य विभिन्न देशों की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों का चयन में योगदान दे रहे हैं, जिन्हें बाल फिल्मोत्सव के समापन अवसर पर दस लाख रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

## जहाँ भी नियुक्ति मिलेगी, परिस्थितियों में बदलाव करूँगा– क्षितिज पटेल

संवाददाता। बाराबंकी। जहाँ भी नियुक्ति मिलेगी, परिस्थितियों में बदलाव करूँगा। मेरी दृष्टि में अमीर गरीब सभी को संविधान ने समान अधिकार प्रदान किये हैं। मेरी कोशिश रहेगी कि किसी के अधिकार बाधित न होने पाएं। उक्त विचार संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर बाराबंकी का नाम रोशन करने वाले क्षितिज पटेल ने श्री साईं इण्टर कालेज शुक्लाई में आयोजित स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान छात्रों के सवालों के जवाब देते हुए व्यक्त किये। रितिका वर्मा, ज्योत्स्ना शर्मा, दिव्यांश वर्मा, संस्तुति, किंसुक वर्मा, स्वर्णिमा खरे, तृषा चौधरी, ऋचा चतुर्वेदी सहित दो दर्जन छात्र छात्राओं ने सवाल पूछे। अपने सवालों के सीधे जवाब पाकर बच्चे बहुत उत्साहित और प्रेरित हुए। कार्यक्रम में कृषि विभाग में फील्ड आफिसर नियुक्त हुए अनुज कुमार पटेल डीके वर्मा कालेज चेयरमैन के संयोजन तथा छात्रा आर्या जायसवाल एवं प्रतिमा वर्मा के संयुक्त संचालन में सम्पन्न कार्यक्रम में विक्रम सिंह प्रिंसिपल बाल विकास कोठी, घश्याम मौर्या प्रिंसिपल डीएवी कॉलेज, डॉ ज्ञानदास वर्मा, प्रताप सिंह, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, ओपी वर्मा ओम, सुभाष चंद्र वर्मा, राम किशोर पटेल, सदानन्द वर्मा ने भी अभिनंदन किया। शिक्षक गण शुभांगी शर्मा, आर पी सिंह, अशुतोष दीक्षित, अर्पिता वर्मा, नीरज वर्मा, नविता, जूबी खान ने कार्यक्रम को और अधिक परिणामदायी बना दिया।

# नामांकन स्थल, प्रशिक्षण स्थल, तथा पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



संवाददाता। अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल, मनीषी महिला महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में पोलिंग पार्टी रवाना, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने उपरोक्त स्थलों का गहनता से निरीक्षण किया एवं वहां पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अत्यधिक गर्मी ,तापमान, लू मे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे, नहीं मिल रही राहत

संवाददाता

अमेठी । अत्यधिक गर्मी का तापमान के कारण लोगों का जीना मुहाल हो चुका है ।लोग गर्मी से परेशान हैं, ऐसे समय में जिलाधिकारी अमेठी में मंगलवार को बैठक कर हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जिसमें उन्होंने श्रमिकों व बस स्टेशन पर लोगों को 12 से 4 बजे के मध्य निकलने के लिए विशेष तरह की उपाय सुझाए थे। जनपद अमेठी में इस समय हीट वेव का कहर जारी है । जिससे लोग परेशान हैं ।अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है ।तापमान बढ़ने के कारण परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की हालत खराब है उ।न्हें तेज कड़कती धूप में 2रू00 बजे अपने घर वापस जाना पड़ता है ।वह कहीं खेतों में से होते हुए पैदल चलकर किसी तरह अपने घर पहुंचते हैं ।जिससे वह अक्सर बीमार पड़ जा रहे हैं। उनके बीमार पड़ने के कारण उसे स्कूलों में उनकी उपस्थिति प्रभावित हो रही है ।जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के समय परिवर्तन संबंधी कोई भी सुझाव नहीं दिए गए ।जिसके कारण बच्चों का अत्यधिक गर्मी में स्कूल से घर जाना पड़ रहा है। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के परिषदीय विद्यालयों में समय 8 से 2 बजे तक है। वापसी के समय में बच्चे धूप में झुलस जाते हैं। शिक्षकों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि अत्यधिक गर्मी, तेज धूप, लू को देखते हुए विद्यालय समय में परिवर्तन किया जाए जिससे बच्चों को अत्यधिक गर्मी में बीमार होने से बचाया जा सके और शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित न हो सके। इस बारे में प्रशिक्षित स्नातक प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्र ने बताया कि अत्यधिक गर्मी व लू के कारण जहां बड़े लोगों की स्थिति खराब ।है वहां पर बच्चों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है ।अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी अमेठी को संज्ञान लेकर विद्यालय समय में परिवर्तन किया जाए।

# ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

संवाददाता। अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें निर्वाचन को लेकर की गई तैयारी, राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अनुमति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।




# फर्जी प्रधानमंत्री आवास के नाम पर निकाले रूपए को जांच करवाने मांग की

संवाददाता

अम्बेडकर नगर। विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत मरौचा पीएम आवास योजना में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार का गन्दा खेल पीड़ित प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी शपथ पत्र डाक द्वारा रजिस्ट्री करके जांच कराने की मांग की गौरतलाप जिले का अधिकारी का कहना है कि अगर जांच करानी है तो शपथ पत्र देना पड़ेगा फिलहाल शपथ पत्र प्रवीण कुमार ने दिया है और अब देखना यह होगा की जिलाधिकारी अविनाश सिंह मुख्य विकास अधिकारी जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या नहीं गौरतलब है कि प्रवीण कुमार ने न्याय की आस लेकर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला अधिकारी से गुहार लगाया

'प्रवीण कुमार का आरोप है

प्रवीण कुमार ने रोक लगाया है कि हमारे ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर सरकारी धन को गमन कर लिया गया प्रवीण कुमार का कहना यह है कि जिस महिला के नाम से पीएम आवास पास किया गया उस नाम हमारे ग्राम पंचायत में कोई महिला नहीं है विकासखंड रामनगर के जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम सचिव ग्राम प्रधान मिलकर गंदा खेल यह खेल की आवास बना ही नहीं और पीएम आवास की तीनों किस्त निकल गया बात वही नहीं थम रही है आवाज में जो मनरेगा मजदूरी भी निकल गया आखिर इतना बड़ा फ्रॉड ग्राम सचिव और प्रधान मिलकर सरकार के धन को पलीता लगा रहे हैं। मजे की बात तो यह है ।कि रामनगर ब्लॉक में अधिकारियों की सांठ–गांठ से सब कुछ संभव है। ग्राम मरौचा निवासी सूर्यमुखी उर्फ सूर्या देवी पत्नी हीरालाल को पीएम आवास की तीनों किस्त भुगतान। आवास आज तक बना ही नहीं और तीनों किस्तों का पैसा भी निकल गया।

आखिरकार जीरो टारलेंस की नीति पर चल रही यूपी सरकार में यह कैसे खेल हो रहा ह। जहां उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों रहने के प्रधानमंत्री आवास की जरिए छत मुहैया कराना चाह रही है वहीं सरकार के मनसूबे पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान आखिरकार कार्रवाई से क्यों कतरा रहे जिम्मेदार अधिकारी। रामनगर ब्लॉक के अधिकारी मामले में नहीं दे पा रहे सही जवाब – जबाब देने में करते हैं टालमटोल ।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सचिव का प्रमोशन भी होने वाला है कहीं ऐसा तो इसलिए ग्राम सचिव के ऊपर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी अगर शपथ पत्र पर जांच हुई तो यह तय है की ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान के ऊपर लटक सकती है तलवार।

# मैं करती हूं विकास व तरक्की की राजनीति : सांसद मेनका



संवाददाता। सुलतानपुर ।पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने इसौली वि.स.में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया ।उन्होंने कहा आने वाले पीढ़ियों के लिए विकसित भारत चाहिए ।जिसके लिए मोदी जरूरी है। मेनका ने कहा कि मैंने काम को लेकर किसी से भेदभाव नहीं किया है। बिना जाति बिरादरी कौम पूछे सबकी मदद की है। उन्होंने कहा इलेक्शन में जाति कौम देखकर नहीं अपना स्वार्थ देखकर वोट करें ।देखें कि आपका काम करानें में कौन सा प्रत्याशी अव्वल रहेगा ।उन्होंने कहा मैंने पिछले पांच सालों में सुल्तानपुर को स्मार्ट और सुंदर व हरा–भरा शहर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। सुल्तानपुर को और सुंदर बनाने कि मेरी मुहिम चलती रहेगी ।मैं विकास हुआ तरक्की की राजनीति में विश्वास करती हूं ।वहीं सरकार की योजनाओं का लाभ भी बिना भेदभाव गरीब की चौखट तक पहुंचा है ।उन्होंने लोगों का आह्वान किया अपनी जाति कौम को भूलकर कमल पर वोट दें ।उन्होंने कहा उन्हें सुल्तानपुर में जो भी पहचान मिली है ।वह मेरे विकास कार्यों और लोगों की छोटी–छोटी निजी मुसीबतों को निपटाने से मिली है ।मेनका ने अपनी व सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए कहा शहर की जाम की समस्या को निपटाने के लिए सड़कों को फोर लेन कराया। वेंडिंग जोन बनाया ।दीवानी के पास पार्किंग जोन और दरियापुर के आगे लेबर जोन भी जल्द बनकर तैयार हो जायेगा ।आपने जो भी मांगा जो भी कहा उस सबको मैंने पूरा करने का काम किया है ।आगे बताया मेडिकल कॉलेज हो,जिले में सड़कों का जाल विछाना हो,नवोदय विद्यालय हो,कृषि विज्ञान केंद्र,तीन थानों का निर्माण, पालिटेक्निक कालेज, डाकघर बनाने समेत सैकड़ों बड़े काम हुए हैं ।अब चीनी मिल का विस्तारीकरण कराना ही प्रमुख एजेंडा होंगा ।मीडिया प्रभारी विजय श्री रघुवंशी ने बताया कि उक्त बातें शुक्रवार को सांसद श्रीमती गांधी ने बंधुआकला,मनियारपुर, धरमैतेपुर,कूड़धाम, सरैया पूरे बिसेन, मिठनेपुर, गंगा बलीपुर,रसूलपुर, इसौली रामलीला मैदान,सैनी बाजार एवं अशरफपुर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही। धम्मौर के ग्रैंड पैलेस में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा आप मेरी ताकत हैं आपने पार्टी का, मोदी जी का और मेरा झंडा हमेशा लहराया है। विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में सांसद श्रीमती गांधी की तमाम उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा जब भी सुल्तानपुर के किसी व्यक्ति को भी मुसीबत आई सांसद हमेशा आपके बीच में मिली है ।कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, विकास शुक्ला,बबिता तिवारी,भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी,शिव नारायण वर्मा,जि.प.सदस्य जफर खान,नन्दन चतुर्वेदी, महेश सिंह,बद्री यादवध् नंदलाल पाल,राजधर शुक्ला, अवधेश दुबे , संतोष सिंह,अजय सिंह अंधियार, सुधांशु सिंह, शिव कुमार यादव, मो.शमी पप्पू प्रधान, बजरंग सिंह प्रधान, अर्जुन यादव प्रधान,फैयाज अहमद, मिराज अहमद, सुनील मौर्या,सूर्यभान पाण्डे आदि मौजूद रहे।

# तीसरी सरकार अपनी सरकार,महात्मा गाँधी के ग्राम्य स्वराज्य के प्राण तत्व–डॉ चन्द्रशेखर प्राण

संवाददाता

अमेठी। चुनावी अभियान के चलते जनता को जागरूक करने पूर्व निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन ने अमेठी के निरीक्षण गृह मे शुक्रवार को मीडिया से मुलाकात हुई। जिसमे उन्होने क्या पंचायतो को पूर्ण अधिकार नही मिल पाया । तीसरी सरकार अभियान चलाकर जनता को अधिकार देगा। इसके लिए जनता देश के आगामी लोक सभा चुनाव 2024 मे उम्मीदवारो से पांच सवाल पूछे। कि स्थानीय स्व–सरकार (पंचायत तथा नगर पालिका)के मुद्दो को राजनीतिक दलो के घोषणापत्र मे शामिल कराने तथा लोकमत तैयार करने के लिए कार्य कर रहा है। तीसरी सरकार अभियान के पूर्व निदेशक नेहरू युवा केन्द्र संगठन डॉ चन्द्रशेखर प्राण ने कहा कि पंचायत और नगर पालिका के सुदृढ़ीकरण के लिए बात आगामी लोक सभा उम्मीदवार से पूछे। जीएसटी मे पंचायत और नगर पालिका को हिस्सा सरकार नही दे रही है।

# भाजपा पदाधिकारियों के साथ सांसद ने लगाई चौपाल

संवाददाता। प्रतापगढ़ ।सांसद संगम लाल गुप्ता ने भाजपा सेक्टर एवम बूथ पदाधिकारियों के साथ चौपाल लगाकर संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी ,सांसद ने रामपुर मंडल के हिसामपुर, शिवबोझ जलेसरगंज,खंडवा, धारूपुर उमरपुर मदामई नेवढ़िया समेत डेढ़ दर्जन सेक्टरों पर पदाधिकारियों से मिल कर चौपाल के माध्यम से संबध कर उनकी समस्याएं सुनी ।उन्होंने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की ।उन्होंने अपने द्वारा कराए गए कार्यों को भी गिनाया ।उन्होंने पदाधिकारियों से आम जनमानस से अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लेकर मतदान कराने के लिए कहा ।सांसद ने कहा की एक वोट की ताकत से ही धारा 370, वा राममंदिर जैसा कार्य हुए है। सांसद ने कहा की जल्द ही एटीएल में कार्य प्रारंभ हो जायेगा जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा ।सांसद ने बताया की उनके द्वारा 6500करोड़ रुपए जिले के विकाश कार्य के लिए स्वीकृत कराए है जिसपर कार्य प्रारंभ हो गया है।



# अपर्याप्त विशेष ट्रेनें, जनरल कोच भी ठसाठस परिणाम गर्मी से बेहाल बीमार होते यात्री

संवाददाता

कानपुर। लगातार बढ़ती जा रही गर्मी ट्रेन यात्रियों को भी हाल बेहाल करने में सफल है। उनकी सुविधा के हिसाब से इस गर्मी में स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी अपर्याप्त है। लगभग हर ट्रेन का जनरल कोच भी यात्रियों से ठसाठस भरा रहता है। शायद यही वजह है कि ट्रेन यात्रियों के बीमार पड़ने की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। हाल फिलहाल इसकी जो वजह पता चली है उसके मुताबिक गर्मी में पर्यटन स्थलों पर जाने और नौकरीपेशा के छुट्टी पर घर पहुंचने के प्रयास में ट्रेनों में भीड़ है। इसी लिए जनरल कोच भी ठसाठस हैं। रही विशेष ट्रेनों की बात तो विशेष ट्रेनें भी कम पड़ रही हैं। घंटों देरी से पहुंच रही ट्रेनों में गर्मी के कारण यात्रियों की हालत खराब है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आए दिन ट्रेन में प्रसव, हृदय, ब्लड प्रेशर की

दहकती खबरें
स्वामी प्रकाशक,मुद्रक एवं सम्पादक सिराज अहमद द्वारा 86/98 प्वाइंट ऑफसेट,कुर्मी टोला गुरु गोविन्द सिंह मार्ग लालकुआं, लखनऊ से मुद्रित तथा म.न.09,फर्रुखाबाद चिल्लावां,थाना सरोजनीनगर, तहसील लखनऊ,जिला लखनऊ,उत्तरप्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक – सिराज अहमद । मो0. 9369491542 ,सह–सम्पादकः इम्तियाज अहमद । मो0. 9044777902 RNI NO.- UPHIN/2011/39283, E-mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com नोटः समचार पत्र से सम्बन्धित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा।